नई दिल्ली
शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 99
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 00
न्यून. 00

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### बजट से पहले बाजार बमबम

## सेंसेक्स ने तोड़ा रिकॉर्ड पहली बार 81000 पार



**नई दिल्ली।** देश में आम बजट आने वाला है और 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में इसे पेश करेंगी। वहीं, बजट से पहले शेयर बाजार भी बम-बम नजर आ रहा है। मार्केट के लिए गुरुवार का दिन बेहद खास रहा। एक ओर जहां पूरे दिन के कारोबार के दौरान इसकी चाल बदलती रही, तो वहीं एक दी दिन में सेंसेक्स और निफ्टी ने बार-बार अपने ही रिकॉर्ड शेष पेज 5 पर

# ओमान के समुद्र में डूबे तेल टैंकर से नौसेना ने बचाए 8 भारतीय, एक अन्य की हुई मौत



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ओमान के समुद्र में डूबे कोमोरोस के ध्वज वाले तेल टैंकर 'एमवी प्रेस्टीज फाल्कन' के चालक दल में शामिल कुल 16 सदस्यों में से 8 भारतीयों को भारतीय नौसेना ने बचा लिया है। जबकि एक अन्य भारतीय की मौत हो गई है और उसके शव को बरामद कर लिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि टैंकर में सवार चालक दल के 16 सदस्यों में 13 भारतीय और 3 श्रीलंका के नागरिक थे। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र (एमएससी) के साथ मिलकर चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान की मदद से भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोत आईएनएस तेग ने बीते बुधवार को 8 भारतीयों और 1 श्रीलंका के नागरिक को बचाया था।

### मामले पर गंभीरता से रख रहे निगरानी: कीर्तिवर्धन सिंह



विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि टैंकर के डूबने के बाद लापता हुए जहाज के चालक दल के सदस्यों में से एक भारतीय के शव को बरामद कर लिया गया है। हम मामले पर गंभीरता के साथ निगरानी बनाए हुए हैं और सरकार हर संभव सहायता के लिए तैयार है। इस मामले में ओमान में भारत के राजदूत अमित नारंग से हुई बातचीत में पूरी घटना के बारे में पता चला। 8 भारतीयों को नौसेना के युद्धपोत तेग द्वारा बचाए जाने की सूचना मिलने पर राहत महसूस हुई। सभी नागरिकों को तट के पास ले आया गया है। यहां इनकी देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत और ओमान में इस प्रक्रिया में शामिल सभी एजेंसियों को धन्यवाद। उधर, भारतीय नौसेना ने कहा कि चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच ओमानी एजेंसियों के साथ राहत एवं बचाव अभियान जारी है।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### इसी 22 जुलाई को आ सकता है अंतिम फैसला

### नीट में गड़बड़ी से जुड़ी 40 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में तीसरी सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : नीट रिजल्ट कल दोपहर 12 बजे तक घोषित करें

**ये दो निर्देश भी**

**01** रिजल्ट सेंटरवाइज और सिटीवाइज होना चाहिए

**02** रिजल्ट अपलोड करते वक्त उम्मीदवार की पहचान जाहिर न की जाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीट यूजी परीक्षा रद्द होगी या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को भी फैसला नहीं हो सका। अभ्यर्थियों को अभी और इंतजार करना होगा। गुरुवार को भी 4 घंटे सुनवाई चली। इस दौरान अदालत ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह सभी कैंडिडेट्स के रिजल्ट शनिवार दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर अपलोड करे। रिजल्ट सेंटरवाइज और सिटीवाइज होना शेष पेज 5 पर



केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन

- पहले 8 जुलाई और फिर 11 जुलाई को सुनवाई हुई थी
- एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि छात्र सिर्फ शहर बदल सकते हैं

*शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अगर 1 लाख 8 हजार लोगों को एडमिशन मिलता है, बाकी 22 लाख लोगों को दाखिला नहीं मिलता तो इसका मतलब ये तो नहीं कि पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाए?*



जेबी पारदीवाला | सीजेआई चंद्रचूड़ | मनोज मिश्रा

### कितने छात्र दोबारा नीट परीक्षा की मांग कर रहे?

अदालत ने कहा कि 131 छात्र दोबारा परीक्षा चाहते हैं। 254 छात्र दोबारा परीक्षा के खिलाफ हैं। दोबारा परीक्षा चाहने वाले 131 छात्र ऐसे हैं, जो एक लाख आठ हजार के अंदर नहीं आते और दोबारा परीक्षा का विरोध करने वाले 254 छात्र एक लाख आठ हजार के अंदर आते हैं। अगर 1 लाख शेष पेज 5 पर

**कोर्ट रूम में क्या हुआ?**

### अदालत ने कहा- हम संतुष्ट हुए तो रद्द कर देंगे परीक्षा

- **सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता :** नीट मामले को शुक्रवार को सुना जा सकता है
- **सीजेआई चंद्रचूड़:** सुनवाई गुरुवार को शुरू करते हैं। हम नीट मामले पर सबसे पहले सुनवाई करेंगे, क्योंकि लाखों छात्र फैसले का इंतजार कर रहे हैं।
- **याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील नरेंद्र हुड्डा :** हमें सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट नहीं दी गई है।
- **सीजेआई चंद्रचूड़:** हालांकि हम पारदर्शिता की वकालत करते हैं। मगर सीबीआई जांच चल रही है। अगर सीबीआई ने हमें जो बताया है उसका खुलासा होता है, तो यह जांच को प्रभावित शेष पेज 5 पर

### 45 मिनट के अंदर गड़बड़ी को दिया गया अंजाम

सीजेआई ने कहा कि आपके अनुसार छात्रों को सुबह 10.15 बजे पेपर बांटे गए। इसमें 180 प्रश्न थे। क्या ऐसा हो सकता है कि सुबह 9.30 से 10.15 बजे के बीच पेपर के सभी सवाल हल कर लिए गए हों? इसके बाद अगले 45 मिनट में छात्रों को शेष पेज 5 पर

### कोर्ट ने उम्मीदवारों के एग्जाम सेंटर बदलने पर एनटीए से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा- 23.33 लाख में से कितने छात्रों ने अपना एग्जाम सेंटर बदला? इस पर एनटीए ने जवाब दिया कि करेक्शन के नाम पर छात्रों ने सेंटर बदला है। 15,000 छात्रों ने करेक्शन विंडो का इस्तेमाल किया था। हालांकि, एनटीए ने सुप्रीम शेष पेज 5 पर

### यूपी के गोंडा-मनकापुर रेलखंड के बीच रेल हादसा



**चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतरे, तीन यात्रियों की मौत, 34 जख्मी**

## लोको पायलट का 'दावा'- हादसे से पहले धमाके की आवाज सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

गोंडा जिले के गोंडा- मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस ( 15904) के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 34 लोग जख्मी हो गए हैं। ट्रेन चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। पौने तीन बजे दो डिब्बे बेपटरी हुए, उसके बाद 12 और डिब्बे पलट गए। लोको पायलट का दावा है कि हादसे से ठीक पहले तेज धमाके की आवाज आई थी। इस लोको पायलट का नाम त्रिभुशन है जिन्होंने शेष पेज 5 पर

- हादसे की अब साजिश के एंगल से जांच शुरू

ट्रेन चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। हादसे के बाद कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है

**हेल्पलाइन नंबर जारी**

- लखनऊ 8957409292
- गोंडा 8957400965
- सीवान 9026624251
- छपरा 8303979217
- देवरिया सदर 8303098950

**खबर संक्षेप**

### आईसीसी अध्यक्ष का पद संभालेंगे जय शाह?



**कोलंबो।** आईसीसी का चार दिवसीय वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार से कोलंबो में होना है। इसमें कई अहम विषयों पर चर्चा होनी है, बीसीसीआई सचिव जय शाह को लेकर इस बैठक में गंभीर चर्चा हो सकती है। चर्चा है कि जय शाह न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले के बाद क्रिकेट की वैश्विक संस्था का अध्यक्ष पद संभाल सकते हैं। आईसीसी के सूत्रों ने कहा कि आईसीसी में सभी की मुख्य रूप से दिलचस्पी इसमें है कि शाह वैश्विक संस्था की बागडोर कब संभालेंगे।

### जान्हवी कपूर को फूड पॉइजनिंग, हुईं भर्ती




**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर को कथित तौर पर फूड पॉइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमजोरी महसूस होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। कथित तौर पर उन्होंने अपने काम को भी टाल दिया है। बुधवार को कमजोरी और बेचैनी महसूस हो रही थी, जिसकी वजह से वह बिस्तर पर थीं। गुरुवार को हालत में सुधार न होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जान्हवी की एक करीबी दोस्त ने बताया कि उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है।

### सीमा विवाद का तेजी से हल निकालने

## आज से शुरू होगी विदेश सचिव की दो दिवसीय भूटान यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




चीन और भूटान के बीच अपने सीमा विवाद का तेजी से हल निकालने के लिए जारी कवायद के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री शुक्रवार से भूटान की दो दिवसीय (19 से 20 जुलाई तक) यात्रा पर रहेंगे। बीते सोमवार को भारत के विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभालने के बाद की जाने वाली उनकी यह पहली विदेश की यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस यात्रा के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री राजधानी थिंपू में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा उनकी भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, विदेश मंत्री डीएन धुंग्येल और विदेश सचिव पेमा चोडेन सहित शाही सरकारी शेष पेज 5 पर

### चांदीपुरा वायरस का कहर जारी

## 3 राज्यों में 19 लोगों की मौतें 4 बच्चों की गई जान

एजेंसी ⏭ राजकोट



गुजरात में चांदीपुरा वायरस से संक्रमित मरीजों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार को राजकोट में 3 और पंचमहल जिले में 1 बच्चे की मौत हो गई। इस तरह पिछले 8 दिनों में मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। अब तक राज्य के 13 जिलों में चांदीपुरा वायरस के 31 संदिग्ध केस सामने आए है, इनमें से 5 बच्चों का इलाज चल रहा है। सभी केसों में लक्षण एक जैसे हैं इसलिए सभी मौतें चांदीपुरा वायरस से होने की संभावना जताई जा रही है। चांदीपुरा के 29 केसों में 26 गुजरात में सामने आए हैं। जबकि 2 राजस्थान और एक मध्य प्रदेश में मिला है। वहीं मौतों की बात करें तो 15 में से 13 मौतें गुजरात में हुई हैं। जबकि एक-एक मरीज की मौत राजस्थान शेष पेज 5 पर

### पंजाब के कृषि मंत्री के साथ चर्चा की

## चौहान ने फसल विविधीकरण एवं जल प्रबंधन पर ध्यान देने को कहा

- कृषि सांख्यिकी में सुधार की योजना में पंजाब को भी किया शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ क्रमवार बैठकों की कड़ी में गुरुवार को दिल्ली स्थित कृषि भवन में पंजाब के कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, डेयरी विकास और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री गुरमीत सिंह खुदियां के साथ बैठक हुई। इस दौरान राज्य में खेती-किसानी के विकास को लेकर विविध विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। चौहान ने पंजाब द्वारा रखे गए राज्य कृषि सांख्यिकी प्राधिकरण से संबंधित प्रस्ताव पर मंत्रालय की ओर से मंजूरी का पत्र पंजाब के मंत्री को बैठक में दिया।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के संबंध में चौहान ने केंद्र की ओर से पूरी मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तरह पंजाब को भी पर्याप्त खाद-बीज की आपूर्ति होती रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र शेष पेज 5 पर

### युद्ध और युद्ध की पद्धति बहुत तेजी से विकसित हो रही है

## कारगिल 'विजय दिवस' के पहले बोले... सीडीएस, हमें गलतियां दोहरानी नहीं चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कारगिल में 26 जुलाई को मनाए जाने वाले विजय दिवस समारोह के पूर्व में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा कि युद्ध की यादों को संजोने के अलावा हमें इसके बाद की स्थिति को देखना चाहिए।

साथ ही उससे जरूरी सबक लेना चाहिए और हमें वही गलतियां दोहरानी नहीं चाहिए। युद्ध में भारतीय योद्धाओं के योगदान को सराहते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और युद्ध की पद्धति तेजी से विकसित हो रही है। भू-राजनीतिक बदलाव और प्रौद्योगिकी में परिवर्तन के कारण उनका चरित्र और प्रकृति तेजी से बदल रही है। जनरल चौहान ने कहा कि हमारे सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान की यादें हमारी राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बननी चाहिए। जैसा कि कारगिल युद्ध के साथ हुआ है। वीरता, साहस और धैर्य की वजह से युवाओं के साथ-साथ सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने वाले सैनिकों को भी प्रेरणा मिलेगी। यहां बता दें कि इस वर्ष कारगिल युद्ध की 25 वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती मनाई जा रही है। इसे लेकर जुलाई के पूरे महीने में देश के अलग-अलग भागों में सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की

सड़क परियोजनाओं पर भी विस्तार से विमर्श हुआ

## ननिहाल की यात्रा आराम से पूरी करेंगे प्रभु श्रीराम छत्तीसगढ़-अयोध्या नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वो दिन अब दूर नहीं जब श्रीराम के ननिहाल और उनके निवास स्थान अयोध्या को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ दिया जाएगा। सूबे के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ और अयोध्या के बीच विशेष राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाओं का ब्लूप्रिंट रखा तो केंद्रीय मंत्री ने इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से भी ये सड़क परियोजना बेहतर रहेगी। केंद्रीय मंत्री गडकरी के आवास पर मुख्यमंत्री साय की मुलाकात में राज्य की अन्य सड़क परियोजनाओं पर भी विस्तार से विमर्श हुआ। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक शेष पेज 5 पर

**वनांचलों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए**



बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने शेष पेज 5 पर

# वकीलों के साथ अतिरिक्त बैठकों की अनुमति संबंधी केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल के वकील ने कहा कि वह देशभर में लगभग 35 मामलों का सामना कर रहे हैं और निष्पक्ष सुनवाई के लिए उन्हें इन मामलों पर चर्चा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकें करने की जरूरत है।

### तिहाड़ के अधिकारियों ने किया याचिका विरोध

केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने दलील दी कि ऐसे कई कैदी हैं जिनके खिलाफ 100 मामले लंबित हैं और उन्हें अपने वकीलों से केवल दो बार मुलाकात की अनुमति है। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल वकीलों के साथ अपनी बैठकों का इस्तेमाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों को निर्देश भेजने के लिए कर रहे थे। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि वह आदेश सुरक्षित रख रही हैं और आदेश चैंबर में पारित किया जाएगा। केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए जेल अधिकारियों के वकील ने कहा कि उन्होंने शुरू में अपने वकीलों के साथ केवल दो अतिरिक्त भौतिक मुलाकातों की अनुमति का अनुरोध किया था और अब वह दो और ऑनलाइन मुलाकात चाहते हैं।



### ईडी के वकील ने कहा- दिल्ली जेल के नियम देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उदार

ईडी के वकील ने कहा कि इसी तरह का आवेदन एक जनहित याचिका में हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष किया गया था, लेकिन आवेदन को खारिज कर दिया गया था। वकील ने कहा कि दिल्ली जेल के नियम देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उदार हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जेलों में सभी कैदियों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और सभी को सप्ताह में दो बार अपने वकीलों से मिलने का मौका मिलता है। दलीलों का विरोध करते हुए केजरीवाल के वकील ने कहा कि ईडी को इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहिए क्योंकि वह न्यायिक हिरासत में हैं और जेल अधिकारी मामले में मुख्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों को अपने वकीलों के माध्यम से संदेश उस समय भेजे थे जब वह पुलिस हिरासत में थे, न कि तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में।

### निचली अदालत ने रद्द कर दी थी याचिका

दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की उस अर्जी को एक जुलाई को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों से दो अतिरिक्त मुलाकात की अनुमति के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था। जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को फिलहाल अपने वकीलों से प्रति सप्ताह दो बार मुलाकात की अनुमति है। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उन याचिकाओं पर भी अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिनमें आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी किये जाने को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था जहां पर वह पहले ही ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में थे। मुख्यमंत्री को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और सुनवाई अदालत ने 20 जून को उन्हें धनशोधन के मामले में जमानत दे दी थी। हालांकि, सुनवाई अदालत के फैसले पर हाईकोर्टने रोक लगा दी थी। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को धनशोधन के मामले में अंतरिम जमानत दी थी।

### क्या है मामला

विवादास्पद आबकारी नीति को दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा इसे बनाने एवं लागू करने में हुई कथित अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को सौंपने के बाद 2022 में रद्द कर दिया गया था। सीबीआई और ईडी के मुताबिक लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाने के इरादे से आबकारी नीति में बदलाव कर अनियमितता की गई।

## 20 साल पहले ट्रेन से ज्वेलरी चोरी में पूर्व सरपंच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने 20 साल पहले चोरी के मामले में शामिल एक आरोपी को अरेस्ट किया है। रोशन (62) हिसार, हरियाणा का रहने वाला है। इसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सराय रोहिल्ला इलाके में ट्रेन के अंदर से ज्वेलरी चुरायी थी। आरोपी गांव का सरपंच भी रह चुका है। आजकल वह प्रॉपर्टी डीलिंग कर रहा था। पुलिस के मुताबिक 6 फरवरी 2004 को पवन कुमार निवासी साध नगर, पालम कॉलोनी अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में जा रहे थे। उनके पास एक ब्रीफकेस था, जिसमें सोने और चांदी के आभूषण थे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ पालम रेलवे स्टेशन से ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। इसी बीच करीब आधा दर्जन लोगों ने उन्हें घेर लिया। भीड़ के कारण वह उस कोच में नहीं चढ़ सके। आखिर में उन्हें दूसरे कोच में चढ़ना पड़ा। आभूषणों से भरा ब्रीफकेस उनके पास ही था। सभी आरोपी भी उसी कोच में चढ़ गए। कोच में गैंग ने मौका देख पीड़ति के ब्रीफकेस से गहनें चोरी कर लिए और फिर वे शाहबाद रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से उतर गए। चोरी की भनक लगने पर पीड़ति ने शोर मचाया और पब्लिक की मदद से पीछा कर राज कुमार नाम के एक आरोपी को पकड़ लिया। लेकिन रोशन ज्वेलरी के साथ अपने सहयोगियों के साथ फरार होने में कामयाब रहा। इस केस में रोशन भगौड़ा भी घोषित हो चुका था। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को अब अरेस्ट किया गया है। रोशन 7वीं तक पढ़ा है। अपराध के वक्त उसकी उम्र 42 वर्ष थी। वह गांव कापड़ों का सरपंच भी रह चुका है। वर्तमान में वह श्री नगर कॉलोनी, मिल गेट मिर्जापुर रोड, हिसार में रह रहा था। आजकल इसका प्रॉपर्टी डीलर का कारोबार चल रहा था।

### गुलाबी बाग : आरोपियों के पास से 1 करोड़ 15 लाख रुपए बरामद

# ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस में चार करोड़ रुपए की लूट में 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गुलाबी बाग इलाके में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस में हुई चार करोड़ की डकैती के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। केस में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 1 करोड़ 15 लाख रुपए बरामद हुये हैं। आरोपियों के नाम प्रमोद तोमर, अंकुश तोमर, कैलाश चौहान, उपेन्द्र कुमार, शानू अली उर्फ मंगल पांडे और फैजल, सचिन गुप्ता, तंजीम, रंजन, बादल और नरेश है। कंपनी के पूर्व ड्राइवर उपेन्द्र ने प्रमोद और अंकुश को कैश होने से जुड़ी जानकारी दी थी।



पुलिस के मुताबिक 11 जुलाई को किशनगंज क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस में बड़ा कैश लूटने के संबंध पीसीआर कॉल मिली थी। गुलाबी बाग थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि रात लगभग 10:45 बजे 7-8 व्यक्ति अपने चेहरे ढक बंदूकें और चाकू लेकर बीकानेर असम रोडलाइन्स इंडिया लिमिटेड के कार्यालय में घुसे और चार करोड़ कैश लूटकर ले गए। देव करण आंचलिया की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। तफ्तीश के दौरान ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। यहां से पुलिस को कई कारों के नंबर मिले, जिसके बाद उनके मालिकों के बारे में जानकारी जुटायी गई। इनमें दो कार शार्ट लिस्ट की गई। इनमें आई 10 कार और होंडा सिविक कार प्रमोद नाम के शख्स से जुड़ी मिली। घटना के समय वह गुलाबी बाग किशनगंज में ही मौजूद था। इसके बाद तकनीकी निगरानी की मदद से प्रमोद के कुछ सहयोगियों की पहचान की गई। उनकी लोकेशन भी वारदात के समय किशनगंज में मिली। आरोपियों की पहचान होने पर पुलिस टीम ने उतराखंड, मध्यप्रदेश, हरियाणा, यूपी आदि जगह रेड कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी प्रमोद तोमर ने खुलासा किया कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। बीकानेर असम रोडलाइंस इंडिया लिमिटेड के कर्मचारी उपेन्द्र और कैलाश ने ही उन्हें यहां भारी कैश रखे होने की सूचना दी थी। बाकायदा उपेन्द्र ने उन्हें ऑफिस भी दिखाया गया था। इसके बाद प्रमोद, अंकुश और तंजीम ने देव और हिमांशु के साथ मिलकर यहां पहुंचकर रेकी की थी। प्रमोद और अंकुश ने वारदात के लिए कार की व्यवस्था की।

■ कंपनी के पूर्व कर्मचारी की सूचना पर रची गई थी लूट की साजिश

वहीं तंजीम, देव और अन्य आरोपियों ने मौके पर पहुंच हथियार के बल पर इस वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के बाद ये दिल्ली और गाजियाबाद बॉर्डर के एक होटल में गए और फिर नंद नगरी में एक फ्लैट में ठहरे। जहां पैसे का बंटवारा किया गया। इसके बाद सभी अलग अलग रास्ते निकल गये। डीसीपी नार्थ मनोज कुमार मीना ने इस वारदात का खुलासा करने से पहले गुरुवार को एक मैसेज के जरिए बारह आरोपियों को अरेस्ट कर लेने का दावा किया था, हालांकि बाद में गिरफ्तारी केवल छह लोगों की बतायी गई। बाकी छह अन्य लोगों के बारे में पूछे जाने पर उनकी ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

## पौने तीन लाख के नकली नोटों के साथ दो दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नकली नोटों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय कार्टेल से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 2,88,500 रुपये के नकली नोट बरामद हुई है। सभी नोट 500 के बताये गये हैं। पकड़े गये दोनों लोगों के नाम सुनील है। इनसे नकली नोट बनाने में इस्तेमाल किया जाने वाला कच्चा माल और उपकरण भी जब्त हुये हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों शख्स हरियाणा व दिल्ली के रहने वाले हैं।

सुनील उर्फ अनिल पुत्र राज सिंह निवासी चौपाल वाली गली, गांव खेड़ीजट, झज्जर, हरियाणा और सुनील उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय जगदीश निवासी बरवाला, दिल्ली है। सुनील उर्फ अनिल की निशानदेही पर नकली नोट बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री जैसे पेपर शीट, नकली नोटों में 'सुरक्षा धागे' के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली ग्रीन फाइल शीट और स्कैनर/प्रिंटर झज्जर स्थित उसके घर से बरामद किया गया है। तस्करी के लिए इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कार्टेल का एक सदस्य अपने सहयोगी को नकली नोटों की खेप देने के लिए सेक्टर 35, रोहिणी आएगा। इसके बाद ट्रैप लगाकर दोनों लोगों को दबोच लिया गया। सुनील उर्फ अनिल को 10 साल पहले भी झज्जर पुलिस ने नकली नोट प्रसारित करने वाले रैकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस अपराध के लिए उसे दो साल जेल हुई थी। आरोपी सुनील उर्फ छोटू एक खूंखार अपराधी है, जिसके खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में लूट, डकैती और अपहरण के छह मामले दर्ज हैं। कैद के दौरान दोनों तिहाड़ जेल में मिले और 2022 में जमानत मिलने के बाद नकली नोट तैयार व सप्लाई करने के लिए हाथ मिलाया। दोनों आरोपी व्यक्ति विशेष रूप से साप्ताहिक बाजारों में स्थानीय विक्रेताओं की भोली-भाली और संदेहहीन प्रकृति का फायदा उठाकर सामान्य लेनदेन के दौरान नकली नोटों का इस्तेमाल करते थे। आरोपी नकली नोट चलाने के लिये घनी आबादी वाले क्षेत्रों का चयन करते थे।

## एक्सीडेंट में तीन लोगों की जान लेने वाले वाहन को पुलिस ने ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने विकासपुरी थाना अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट सेंटर फ्लाईओवर पर एक सड़क दुर्घटना में शामिल रहे वाहन का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई को विकासपुरी थाने को एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट सेंटर फ्लाईओवर पर तीन व्यक्ति घायल हालत में सड़क पर पड़े हुए हैं। स्थानीय पुलिस और तिलक नगर सर्कल से यातायात पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। तीन व्यक्ति और एक क्षतिग्रस्त स्कूटी सड़क पर पड़े थे। कैट एम्बुलेंस भी मौजूद थी, जिसने तीनों व्यक्तियों को डीडीयू अस्पताल पहुंचाया। घायल आशीष (25), पवन (20) और सूरज (20) को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस कर्मचारियों द्वारा संयुक्त जांच के दौरान, मंगोलपुरी, पीरागढ़ी चौक, भैरो एन्क्लेव, जिला केंद्र जनकपुरी, तिलक नगर, उत्तम नगर चौक, जोगिंदर सिंह मार्ग, लाल साई मार्ग, डाबरी फ्लाईओवर सहित विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज लिए गए। डाबडी पालम रोड का विश्लेषण किया गया। जांच में डिस्ट्रिक्ट सेंटर जनकपुरी में घटनास्थल के पास देखे गए एक पिकअप वाहन की पहचान की गई। पता चला कि वाहन नसीरपुर कॉलोनी, पालम के राम शंकर यादव के नाम पर पंजीकृत है। पूछताछ करने पर मालिक से वाहन बरामद किया गया और चालक की पहचान डाबड़ी के महेंद्र कुमार (27) के रूप में की हुई। आरोपी ने दुर्घटना में शामिल होने की बात कबूल की।

## पोर्टर के जरिए गांजे की तस्करी का खुलासा, बुक कराने वाले की तलाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पोर्टर के जरिए गांजा तस्करी का मामला सामने आया है। डिलीवरी ब्वॉय की शिकायत पर पूर्वी जिले की शकरपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एक पैकेट में गांजा भरकर उसे डिलीवरी ब्वॉय के जरिए सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस अब गांजा बुक करवाने वाले की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मी नगर इलाके का रहने वाला 31 वर्षीय अक्षय शर्मा पोर्टर और रैपिडो के लिए बाइक चलाता है। मंगलवार शाम उसे पोर्टर पर एक ट्रिप मिली। उसे एक पार्सल शकरपुर स्कूल ब्लॉक से नोएडा सेक्टर 22 में डिलीवर करना था। उसने बतायी गई जगह पर पहुंच स्कूल ब्लॉक मदर डेयरी के पास से एक पार्सल पिक किया। पैकेट बेहद हल्का था। कुछ शक होने पर उसने पार्सल देने वाले से पूछा कि उसमें कुछ गलत चीज तो नहीं है। उसे जवाब नहीं में मिला। हालांकि रास्ते में अक्षय ने पैकेट खोल चैक कर लिया। उसमें गांजा था।

## उत्तम नगर वेस्ट मेट्रो स्टेशन से सड़क पर कूदी महिला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तम नगर वेस्ट मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म से गुरुवार को एक महिला ने सड़क पर छलांग लगा दी। महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम अनीता देवी (40) बताया गया है। जांच में पता चला कि वह डिप्रेशन का शिकार थी। कोई सुसाइड नोट अभी पुलिस को नहीं मिला है। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।



■ कई सालों से चल रहा था डिप्रेशन का इलाज, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे उत्तम नगर वेस्ट मेट्रो स्टेशन से एक महिला के कूदने के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। पुलिस मौके पर और घायल महिला को अचेत हालत में डीडीयू अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान ओल्ड उत्तम नगर निवासी अनीता देवी के तौर पर हुई। लगभग 20 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पुलिस को परिजनों ने बताया कि वह डिप्रेशन से पीड़ित थी और उसका पिछले चार पांच साल से इलाज भी चल रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमें महिला सुबह 10 बजकर 56 मिनट पर अकेले मेट्रो स्टेशन में प्रवेश करते नजर आई। इसके बाद 11 बजकर 36 मिनट पर उसने प्लेटफॉर्म से नीचे छलांग लगा दी।


## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
फोन नं. 0172-2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

### वापसी सूचना

09.03.2024 को प्रकाशित विज्ञा. सं. 3/2024 के तहत विभिन्न विभागों के ईएसपी/ओएसपी कोटा पदों की विशेष भर्ती के संदर्भ में, जोकि आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के पत्र सं. 22/10/2023-5एचआर-III दिनांक 04 जून 2024 के संदर्भ में, यह निर्णय लिया गया है कि सभी पदों को विज्ञापन सं. 3/2024 से वापस ले लिया गया है। इन पदों हेतु ईएसपी / ओएसपी कोटा की विशेष भर्ती का नया विज्ञापन शीघ्र जारी किया जाएगा।

स्थान : पंचकूला हस्ता/- अवर सचिव,
दिनांक : 17 जुलाई 2024 कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/646/2025/27928/88/7 दि. 18.07.24 पंचकूला


## बाल मजदूरों को बचाने के लिए कार्रवाई की जाएगी : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को दिल्ली हाईकोर्ट को आश्वासन दिया कि देश के विभिन्न भागों से तस्करी कर लाए और यहां बंधुआ मजदूरी करने को मजबूर नाबालिगों को बचाने के लिए ठोस सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि यह यह प्राथमिकता वाला विषय है। पीठ ने दिल्ली सरकार के अधिवक्ता को इस मामले में की गई कार्रवाई पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें अनुरोध किया गया है कि बंधुआ मजदूरों के रूप में काम कर रहे एक हजार से अधिक नाबालिगों को बचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सहयोग केयर फॉर यू' के काम का समर्थन करने का दावा करने वाले याचिकाकर्ता रोहतास ने याचिका में कहा कि उन्होंने दिल्ली में विभिन्न परिसरों में छापेमारी करने और 245 बच्चों एवं 772 किशोरों को बचाने के लिए 18 शिकायतें भेजी हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के तहत वार्ड नं. 14 में फिरोज गांधी कॉलोनी-II में गुरु रविदास भवन के लिए बकाया कार्य हेतु आकलन। | 15.07.2024 22.07.2024 | 20.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9914544004 ee6@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के तहत डिवीजन-VI के तहत वार्ड नं. 12 में बसई जल निकाय के निकट स्थाई छठ पूजा घाट का निर्माण + 1 कार्य। | 11.07.2024 22.07.2024 | 1.64 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9914544004 ee6@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27941/I/88/7 दि. 18.07.24


## जीटीबी अस्पताल शूटआउट में नाबालिग समेत तीन और दबोचे, तीन पहले हो चुके है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जीटीबी अस्पताल के वार्ड नंबर 24 में भर्ती रियाजुदीन की हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन और आरोपियों को दबोच लिया है। इनके नाम फैजान, सैफ और नाबालिग है। एक दिन पहले पुलिस ने मोइन को मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर अरेस्ट किया था। उसने जीटीबी अस्पताल की चार बार रेकी की थी। मामले में अब तक छह लोग पकड़े जा चुके हैं। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार 14 जुलाई को जीटीबी अस्पताल गोलीकांड में शामिल रहे एक नाबालिग समेत तीन अन्य अभियुक्तों को पकड़ा गया है। ये तीनों शूटर थे। फैजान पुत्र मेहरबान निवासी लक्ष्मी गार्डन, लोनी का रहने वाला है। दूसरा आरोपी सैफ पुत्र साजिद अली निवासी ई-227, गली नंबर 10 चौहान बांगर का रहने वाला है। तीनों अपने एक अन्य साथी के साथ जीटीबी अस्पताल गए थे और रियाजुद्दीन की कुख्यात अपराधी वसीम समझकर हत्या कर दी थी। इन तीनों को उत्तर पूर्व जिले के ब्रहमपुरी इलाके से उस समय पकड़ा गया जब ये शहर से भागने की योजना बना रहे थे।



### गोलीबारी की घटना: एनएचआरसी का स्वास्थ्य मंत्रालय, दिल्ली सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने दिल्ली के एक अस्पताल में एक मरीज की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त को नोटिस भेजा है। आयोग ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि मरीजों के उपचार के अलावा उनकी सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण पहलू है जिस पर सरकारी अस्पतालों के प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि उसने कि एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि 14 जुलाई को दिल्ली के दिलशाद गार्डन स्थित जीटीबी अस्पताल के एक वार्ड के अंदर हमलावरों ने एक मरीज की गोली मारकर हत्या कर दी। बयान के अनुसार खबर में कहा गया है कि अस्पताल के वार्ड में कोई भी बिना रोक टोक के आ-जा सकता है और सुरक्षा गार्ड मरीजों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं देते। आयोग ने कहा कि यदि यह बात सही है तो इससे दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा की कमी का गंभीर मुद्दा सामने आता है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | कैनाल कॉलोनी, रोहतक में एफएच नं. 02 की व्हाइट वॉशिंग हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 1.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 2 | पंचायती राज पानीपत | समालखा - ब्लॉक, एमपीएलएडी स्कीम (2023-2024) के तहत गांव जीतगढ़ (जौरासी खास) जिला पानीपत में कश्यप चौपाल का निर्माण + 47 कार्य। | 17.07.2024 22.07.2024 | 752.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | अम्बाला में आरसीएस उडान स्कीम के तहत उड़ानों का प्रचालन प्रारम्भ करने के लिए अम्बाला में सिविल एंक्लेव की स्थापना हेतु अतिरिक्त कार्य। (180 केवीए डीजी सैट का प्रावधान) + 1 कार्य। | 18.07.2024 24.07.2024 | 31.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | टिक्कर-गांव भोगपुर में गली लाजबीर के मकान और डंगा का निर्माण, गांव बोंटा में गली का निर्माण, गांव दिन्दान जीपी टिक्कर, ब्लॉक मोरनी में श्री जय राम के लिए जल संग्रहण टैंक का निर्माण, स्कीम एसडीए + 1 कार्य। | 17.07.2024 23.07.2024 | 13.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला चरखी दादरी में लघु सचिवालय के आवासीय क्वार्टर का निर्माण (आंतरिक ई.आई. का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 17.07.2024 26.07.2024 | 196.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | बागवानी विभाग हरियाणा मुनीमपुर, झज्जर | सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में क्वालिटी प्लांटिंग मैटीरियल की आपूर्ति। | 22.07.2024 01.08.2024 | ईएमडी 68000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | 24.10 - गांव सिलोठी, ब्लॉक बहादुरगढ़ में सिलोठी मातन रोड से पंचायत भूमि (66 बीघा) तक ऐज रास्ता पर ब्रिक का निर्माण + 3 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 398.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज झज्जर | 97.41 - गांव मदाना कलां, ब्लॉक बेरी में फील्ड रास्ता का निर्माण + 3 कार्य। | 15.07.2024 22.07.2024 | 311.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | 5.00 - गांव नूना माजरा, ब्लॉक बहादुरगढ़ में श्याम जी गऊ शाला समिति में शैड का निर्माण। | 16.07.2024 22.07.2024 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/180/27961/I/88/7 दि. 18.07.24

## शिक्षा मंत्री ने सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों से नए सत्र के लिए शैक्षणिक प्लान पर चर्चा की, मांगे सुझाव

# अब हमारा लक्ष्य विश्व के टॉप स्कूलों में शामिल होना है : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अब हमारा लक्ष्य अपने स्कूलों को विश्व के टॉप स्कूलों में शामिल करने का होना चाहिए। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी प्रिंसिपलों को सुनिश्चित करना होगा कि उनके स्कूल में आने वाले हर बच्चे को क्वालिटी एजुकेशन मिले और स्कूल का हर बच्चा बेहतर प्रदर्शन करें। यह बातें गुरुवार प्रिंसिपलों से संवाद करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहीं।

गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली सरकार ने कालकाजी के वीर सावरकर सर्वोदय कन्या विद्यालय में नए सत्र के लिए शैक्षणिक प्लान पर चर्चा के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार व दिल्ली सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूलों के 200 से अधिक प्रिंसिपलों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि हर बच्चे की सीखने की व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करते हुए उनके लिए क्वालिटी एजुकेशन सुनिश्चित कर हमारे प्रिंसिपल्स दिल्ली सरकार के स्कूलों को विश्व के टॉप स्कूलों में शामिल करने का संकल्प ज़रूर पूरा करेंगे। साथ ही शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए सत्र में यदि किसी स्कूल में शिक्षक की कमी है तो उसे तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई को लेकर कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर प्रिंसिपलों ने साझा किया कि कैसे अनूठे तरीकों को अपनाते हुए उन्होंने अपने स्कूलों में बच्चों के अटेंडेंस को बढ़ाया, व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हुए बच्चों के रिजल्ट में सुधार किया, उनकी आदतों को बदलने का काम किया, टीचर्स को गाइड किया और स्कूल में सीखने सीखाने का शानदार माहौल तैयार किया, पैरेंट्स को बच्चों की पढ़ाई में भागीदार बनाया। स्कूल में बेहतर वातावरण बनाने के लिए प्रिंसिपलों द्वारा उठाए गए क़दमों की शिक्षा मंत्री ने सराहना की।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, प्रिंसिपल सिर्फ एडमिनिस्ट्रेटर नहीं बल्कि स्कूल लीडर के रूप में ज़मीनी स्तर पर बच्चों के जीवन में असल बदलाव लाने का काम करते है। प्रिंसिपल होना एक बहुत ही चुनौती भरा कार्य है लेकिन उनके काम और मेहनत की बदौलत हजारों बच्चों की जिन्दगी संवरती है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी स्कूल में सबसे बड़े बदलाव लाने का काम वहां के प्रिंसिपल ही कर सकते हैं। प्रिंसिपल स्कूल का जिस दिशा में नेतृत्व करेंगे स्कूल में वैसे बदलाव ही देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि एक प्रिंसिपल का व्यक्तित्व जैसा होता है स्कूल का वातावरण भी वैसा ही होता है।

**खास बात**

- अधिकारियों को निर्देश- यदि स्कूलों में शिक्षकों की कमी तो उसे तुरंत दूर किया जाए, बच्चों की पढ़ाई से कोई भी समझौता नहीं होगा




## 9वीं में 17 हजार छात्र दोबारा फेल होने के आंकड़ों ने खोली शिक्षा मंत्री के दावों की पोल : सचदेवा



दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के कक्षा नौवी के नतीजों जिनमे 17 हजार से अधिक छात्रों के दूसरी बार फेल होने के आंकड़ों ने शिक्षा मंत्री के वर्ल्ड क्लास शिक्षा के दावों की पोल खोल दी है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा लगातार कहती रही है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के स्कूलों में शिक्षा स्तर बदहाल है और खासकर नौवीं एवं ग्यारहवीं में सरकार जानबूझकर कर बड़ी संख्या में कमजोर छात्रों को फेल करती है ताकि कम से कम छात्र दसवीं की परीक्षा दें और सरकार दसवीं एवं बारहवीं का नतीजा अच्छा दिखा सके। लेकिन अब जो नौंवी के आंकड़े सामने आये हैं वह साफ दिखाई रहे हैं की केजरीवाल सरकार द्वारा हजारों शिक्षकों को पढ़ाने की ड्यूटी से हटा कर प्रशासनिक एवं अन्य कामों में लगाने से स्कूलों के स्तर पूरी तरह से गिर गया है। शर्मनाक है कि दिल्ली सरकार छात्रों को नियमित स्कूल से पढ़ कर पास होकर आगे जाने के लिए प्रोत्साहित करने की जगह छात्रों को ओपन स्कूल में जाने को बाध्य कर रही है। शिक्षा मंत्री आतिशी जवाब दें कि जो छात्र नियमित स्कूल से नही पढ़ पा रहे वह बिना ट्यूशन के ओपन स्कूल से कैसे पढ़ पायेगे और इनके परिवारों की आर्थिक स्थिति ट्यूशन पढ़वाने की होती ही नहीं है।

## भाजपा सांसद गरीबों के मकान तुड़वा रहे हैं: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने झुग्गियों के तोड़ने के मामले में लगातार दूसरे दिन भाजपा के सांसदों पर निशाना साधा है। आप के वरिष्ठ नेता और विधायक दुर्गेश पाठक का कहना है कि दिल्ली के भाजपा सांसद अपने अंतर्गत आने वाले विभागों से गरीबों के मकान तुड़वा कर उनको बेघर कर रहे हैं। सिविल लाइन में अवैध तरीके से मकान तोड़े गए और आजादी के समय से यहां रह रहे लोगों को बेघर कर दिया गया। अब रेलवे ने 22 जुलाई को बरार स्क्वायर की झुग्गियां तोड़ने का नोटिस दिया है, लेकिन एक सप्ताह बाद भी नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज लोगों से मिलने वहां नहीं गई। अगर ये झुग्गियां तोड़ी जाती हैं तो बांसुरी स्वराज जिम्मेदार होंगी, क्योंकि रेलवे उनके अंतर्गत आता है। सिविल लाइन में किसके आदेश पर मकान तोड़े गए और बरार स्क्वायर में नोटिस लगाने के पीछे किसका हाथ है। आम आदमी पार्टी इसकी जांच की मांग करती है। हम इस कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाएंगे। उम्मीद है कि कोर्ट से हमें न्याय मिलेगा। पाठक ने कहा कि भाजपा के सांसद दिल्ली को पूरी तरह से बर्बाद करने पर लगे हुए हैं। इन्हें सांसद बने करीब 50 दिन हो गए हैं, लेकिन ये लोग कोई काम नहीं करते हैं, केवल माला पहनकर फोटो खिंचवाने जाते हैं।

## राय ने मॉडल टाउन विधानसभा के गांवों में अधूरे काम जल्द पूरे करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार शहरों की तरह गांवों में भी हर मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए अधिकारियों को मॉडल टाउन विधानसभा के गांवों में अधूरे विकास के कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यह बात गुरुवार को दिल्ली के पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने गांवों के विकास कार्यों को गति देने के लिए मॉडल टाउन विधान सभा में आयोजित विकास सभा में कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों के विकास से संबंधित कार्यों के लिए सरकार ने 900 करोड़ रूपए का बजट रखा है। गोपाल राय ने बताया कि 10 करोड़ रूपए की लागत से मॉडल टाउन विधान सभा के गांवों में विकास कार्य किया किया जा रहा है। इस अवसर पर मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। राय ने कहा कि केजरीवाल सरकार गांवों में सड़कों, पार्कों, नालियों और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

## महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय से मिला मेक्सिको के गुआनाग्वाटो राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय से गुरुवार को मेक्सिको के गुआनाग्वाटो राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर महापौर डॉ. ओबेरॉय के अलावा भारत में मैक्सिको के राजदूत, एच ई. फेडेरिको सालास लोटफे और गुआनाग्वाटो के सामाजिक संचार के महासमन्वयक एलन साहिर मार्केज़ बेसेरा (वर्चुअल निर्वाचित प्रतिनिधि) सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने यह जानने में गहरी दिलचस्पी दिखाई कि स्थानीय निकाय किस तरह से पार्कों, वृक्षारोपण, विकास और प्रबंधन का रखरखाव कर रहा है।

## केजरीवाल सरकार तुरंत कराएं बिजली सब्सिडी और बिल बढ़ोत्तरी का केग द्वारा आडिट

**नई दिल्ली।** बिजली की दरें बढ़ने का मामला केजरीवाल सरकार के लिए भारी पड़ता जा रहा है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा के साथ ही कांग्रेस ने जबरदस्त तरीके से मोर्चा खोल रखा है। इसी कड़ी में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरूवार को बयान जारी मांग की है कि केजरीवाल सरकार तुरंत बिजली सब्सिडी और बिजली कम्पनियों द्वारा बिलों में अनियंत्रित बढ़ोत्तरी का केग द्वारा आडिट कराए। देवेंद्र ने कहा कि दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) की सांठगांठ से बिजली कंपनियां दिल्ली में बिजली उपभोक्ताओं के बिलों पर कई तरह के सेस लगाकर बार बार आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि पीपीएसी में 9 प्रतिशत वृद्धि के बाद बिलों पर 46 प्रतिशत पीपीएसी वसूला जाएगा, जो 2015 में मात्र 1.7 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि इसकी भी जांच होनी चाहिए कि हर वर्ष पीपीएसी सेस में बढ़ोत्तरी वाजिब है, जब पेंशन के लिए बिल पर 7 प्रतिशत लिया जा रहा ।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में चिराग दिल्ली में पौधारोपण, सांसद बांसुरी हुई शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को दिल्ली विकास प्राधिकरण -(डीडीए) लोगों के सहयोग से लगातार आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को चिराग दिल्ली सतपुला कॉम्प्लेक्स स्थित डीडीए पार्क में पौधा रोपण का आयोजन किया जिसमें भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज शामिल हुई। बांसुरी ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर अपने हाथों से पौधारोपण किया। कार्यक्रम का आयोजन चिराग दिल्ली रेजिडेंट वेलफेयर स्पोर्ट्स एसोसिएशन व महाकाल मानव सेवा समिति ने किया।

## झमाझम बारिश से भीगे दिल्ली के कई हिस्से

**नई दिल्ली।** भीषण उमस व गर्मी से परेशान दिल्ली पर मौसम ने मेहरबानी दिखाई और गुरुवार को कई हिस्सों में झमाझम बारिश से राहत मिली। जहां एक तरफ बारिश ने लोगों को राहत दी वहीं जलभराव के चलते लोगों को जाम का सामना भी करना पड़ा। सड़कों, अंडरपास व निचले क्षेत्रों में पानी भरने से वाहनों की चाल मंद पड़ी। हालांकि अब भी दिल्ली के अनेक क्षेत्रों के लोगों को बारिश का इंतजार है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में नाम मात्र गिरावट दर्ज हुई है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार बारिश को लेकर पहले ही येलो अलर्ट जारी किया गया। आईएमडी के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे से पहले के नो घंटो में दिल्ली में करीब 4.3 एमएम पानी बरसा। वहीं दिल्ली में सबसे ज्यादा आया नगर में 13.3 एमएम बारिश दर्ज हुई है। इसके बाद पालम में 4.8 एमएम पानी बरसा है। आईएमडी के अनुसार पिछले 24 घंटे में दिल्ली में अधिकतम आद्रता का स्तर 94 फीसदी दर्ज हुआ।

### कई जगह जलभराव, लोग हुए परेशान

दिल्ली में गुरुवार को हुई कई क्षेत्रों में बारिश से कई जगह जलभराव हो गया। जिसके चलते कई मार्गों पर यातायात काफी धीमा रहा। जलभराव की बात करें तो नांगलोई और मुंडका इलाके में जबरदस्त जलभराव हुआ। वहीं अगर पूर्वी दिल्ली की बात की जाए तो कई जगह जलभराव हुआ लेकिन बारिश थमने के कुछ देर बाद स्थिति ठीक दिखी। वहीं पंजाबी बाग इलाके का बुरा देखने को मिला। यहां के पंजाबी बाग ट्रासपोर्ट सेंटर में एंट्री रोड पर कई जगह पानी भरा हुआ है। इतना ही नहीं सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कत हो रही है।



# आरआरटीएस कॉरिडोर पर स्टेशनों के पार्किंग स्थलों में खड़े हो सकेंगे 8 हजार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एनसीआरटीसी ने एक ओर कदम आगे बढ़ा दिया है। आरआरटीएस स्टेशनों पर तैयार किए जा रहे पार्किंग स्थलों में आठ हजार से अधिक वाहनों को एक साथ खड़ा किया जा सकेगा।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत ट्रेन सेवाएं एनसीआर में रीज़नल केन्द्रों को उच्च गति से कनेक्ट कर रही हैं। आरआरटीएस स्टेशनों को रणनीतिक रूप से 5 से 10 किमी की औसत दूरी पर विकसित किया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी निर्बाध फर्स्ट, लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल कर रही है। एनसीआरटीसी ने इस दिशा में यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पार्किंग क्षेत्रों में पर्याप्त स्थान प्रदान कर रही है, ताकि यात्री अपने निजी वाहनों को पार्किंग में खड़ा करके नमो भारत ट्रेनों की आरामदायक, सुरक्षित और विश्वसनीय सवारी का आनंद ले सकें। इससे न केवल दिल्ली-मेरठ मार्ग पर निजी वाहनों का भार काफी कम होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को भी रोकने में सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही वायु प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी।

एक अनुमान के मुताबिक कि सम्पूर्ण दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर तैयार होने के बाद सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, सार्वजनिक परिवहन उपयोग की 37% की हिस्सेदारी बढ़कर 63%तक हो जाएगी।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत ट्रेन सेवाएं एनसीआर में रीज़नल केन्द्रों को उच्च गति से कनेक्ट कर रही हैं। आरआरटीएस स्टेशनों को रणनीतिक रूप से 5 से 10 किमी की औसत दूरी पर विकसित किया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी निर्बाध फर्स्ट, लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल कर रही है।




## 1,600 कार व 6,500 से अधिक दुपहिया वाहनों के खड़ा करने की सुविधा उपलब्ध

उन्होंने बताया कि आरआरटीएस कॉरिडोर पर तैयार किए जा रहे पार्किंग स्थलों में 1,600 से अधिक चौपहिया और 6,500 से अधिक दुपहिया वाहनों के खड़ा करने की सुविधा होगी। इन पार्किंग स्थलों पर सिर्फ पिक और ड्रॉप के लिए आने वाले वाहनों के लिए शुरुआती 10 मिनट तक कोई शुल्क नहीं है। 10 मिनट के बाद और 6 घंटों तक साइकिल के लिए 5 रुपए, दुपहिया वाहनों के लिए 10 रुपए और चौपहिया वाहनों के लिए 25 रुपए। 6 से 12 घंटे के लिए साइकिल के लिए 5 रुपए, दुपहिया वाहनों के लिए 25 रुपए और कारों के लिए 50 रुपये और 12 घंटे के बाद आरआरटीएस संचालन के घंटे समाप्त होने तक, साइकिल के लिए 10 रुपए, दुपहिया वाहनों के लिए 30 रुपए और कारों के लिए 100 रुपए। नॉन ऑपरेशनल घंटों के दौरान नाइट पार्किंग का चार्ज साइकिल के लिए 20 रुपए, दुपहिया वाहनों के लिए 60 रुपए और कारों के लिए 200 रुपए होगा। दिल्ली से मेरठ तक पूरे आरआरटीएस कॉरिडोर पर 25 स्टेशन हैं। इन स्टेशनों पर अपेक्षित फुटफॉल को ध्यान में रखते हुए पार्किंग स्थान विकसित किए जा रहे हैं। आरआरटीएस स्टेशनों पर सबसे बड़ी पार्किंग मेरठ साउथ स्टेशन में बनाई जा चुकी है, जहां करीब 300 कारें और 900 दुपहिया वाहन पार्क किए जा सकते हैं। वहीं दूसरी सबसे बड़ी पार्किंग दिल्ली के सराय काले खां स्टेशन पर विकसित की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सिर पर चाकू मारकर युवक की हत्या

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र में सिर पर चाकू मारकर युवक की हत्या का मामला सामने आया है। पिता ने पुलिस को लापता होने की शिकायत दी थी । इस्माइलपुर अजय नगर के रहने वाले नौशाद ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा समीन लापता है। उसके फोन पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत लेकर मामला दर्ज कर दिया था।



### कांग्रेस लीगल सेल ने बार एसो.को सौंपा मांग पत्र



**फरीदाबाद।** कांग्रेस कमेटी लीगल सेल के अध्यक्ष मनीष वर्मा एडवोकेट ने अधिवक्ताओं के हित में मांग पत्र जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगिन्दर नरवत को सौंपा। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के लिए हाउसिंग सोसाइटी का प्रावधान के साथ सस्ते दामों में इंश्योरेंस पॉलिसी व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना चाहिए।

### 21 को कर्मचारी करेंगे श्रम मंत्री का घेराव



**फरीदाबाद।** 21 जुलाई को मजदूर, स्कीम वर्कर्स, कर्मचारी, ऑटो रिक्शा ड्राइवर अपनी मांगो को लेकर हरियाणा के श्रम मंत्री का घेराव करेंगें। सीटू हरियाणा के महासचिव जय भगवान व सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने यह जानकारी दी। वे फरीदाबाद में मजदूरों, कच्चे कर्मचारियों, ऑटो रिक्शा चालकों की सभाओं को संबोधित किया।

### चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव बुढ़ैना फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा ने थाना खेडी पुल के चोरी के मामले में बडौली पुल एरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने एक दुकान से फोन व 12000 रुपए नकद चोरी किए थे। पुलिस ने मोबाइल को झाड़ियों से बरामद किया है।



### गुमशुदा को तलाश कर किया उत्तराखंड पुलिस के हवाले

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट ने उत्तराखंड देहरादून से लापता हुई लड़की को फरीदाबाद से तलाश कर उत्तराखंड पुलिस के हवाले किया है। लड़की 16 जुलाई को घर से परिजनों से नाराज होकर निकल आई थी। जो फरीदाबाद के संजय कॉलोनी एरिया में किराए पर रह रही थी। इसके संबंध में उत्तराखंड पुलिस ने फरीदाबाद की कैट पुलिस टीम को सूचना दी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लड़की को बरामद किया।



## भाजपा ने की निगम कार्यकारिणी के नामों की घोषणा

# भाजपा जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में लिया डीएम सर्किल रेट पर टैक्स नहीं लगने देने का संकल्प

भाजपा ने की निगम कार्यकारिणी के नामों की घोषणा कर दी। भाजपा के पूर्व पार्षदों राजेन्द्र त्यागी व हिमांशु मित्तल ने भी डीएम सर्किल दरों पर टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ कोर्ट जाने की चेतावनी दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाजपी के जनप्रतिनिधियों ने डीएम सर्किल रेट पर टैक्स बढ़ोतरी का विरोध किया है और इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देने का एलान किया है। खास बात यह है कि इसका विरोध करने वालों में सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी और महापौर सुनीता दयाल हैं। उधर भाजपा ने की निगम कार्यकारिणी के नामों की घोषणा कर दी। भाजपा के पूर्व पार्षदों राजेन्द्र त्यागी व हिमांशु मित्तल ने भी डीएम सर्किल दरों पर टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ कोर्ट जाने की चेतावनी दी है।

भाजपा के नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में एक बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ की गई। जिसमे डीएम सर्किल रेट पर टैक्स बढ़ोतरी के विषय पर ठोस निर्णय के लिए गहन मंत्रणा हुई।



### जनप्रतिनिधियों ने सदन में आपत्ति दर्ज कराने का लिया निर्णय

बैठक के दौरान शहर में चल रहे बड़े विवाद टैक्स बढ़ोतरी के विषय पर सभी जन प्रतिनिधियों व महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने एक सुर में सुर मिलाते हुए पुर जोर विरोध दर्ज कराया तथा सभी जनप्रतिनिधियों ने इस बात का संकल्प लिया कि डीएम सर्किल रेट से टैक्स नहीं बढ़ने दिया जाएगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो जनप्रतिनिधि सदन की बैठक मे टैक्स वृद्धि का विरोध करने के लिए सदन मे भी अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। महापौर सुनीता दयाल व सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने ठोस लहजे में बात रखते हुए कहा कि टैक्स बढ़ोतरी न हो इसके लिए वे पूर्ण संघर्ष रत रहेंगे ।

### वर्चुअल बैठक में महापौर व नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की पौधरोपण की रिपोर्ट

नगर निगम मुख्यालय पर पौधरोपण के संबंध में मुख्यमंत्री अदित्यनाथ को वर्चुअल बैठक में महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने रिपोर्ट पेश की। बैठक में पौधारोपण अभियान के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने महापौर से सीधा संवाद करते हुए गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगाए जा रहे पौधों की व्यवस्थाओं का हाल जाना, साथ ही हर घर को पौधा रोपण के प्रति जागरूक करने के लिए भी कहा गया। महापौर ने सीएम को बताया कि नगर निगम द्वारा लगभग 50 हजार से अधिक पौधारोपण कर चुका है। शासन से 1 लाख 30 हजार से अधिक का लक्ष्य गाजियाबाद नगर निगम को दिया हुआ है। जिसमें उद्यान विभाग ने लगभग डेढ़ लाख पौधरोपण की तैयारी की हुई है। पौधरोपण अभियान में जन-जन का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है पार्षद भी अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर पौधारोपण कर रहे हैं।।मां के नाम पर भी पौधरोपण पर का कार्य चल रहा है, मियांवकी पद्धति से भी पौधरोपण का कार्य कई स्थानों पर किया गया है । पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्साह पूर्वक पौधा रोपण का कार्य चल रहा है पिछले वर्ष एक लाख 30हजार पौधे लगाए गए थे, जोकि वृक्ष का रूप ले रहे हैं। वर्चुअल बैठक के बाद ज नगर आयुक्त ने सभी मालियों तथा हेड मालियों के साथ-साथ उद्यान टीम, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को भी अभियान को सार्थक बनाने के लिए मोटिवेट किया । इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, समस्त विभागीय अधिकारी, पार्षद नीरज गोयल अमित त्यागी पूनम सिंह शीतल देओल व अन्य उपस्थित रहे।

## कॉन्क्लेव में देश को विकसित और समृद्ध बनाने में भूमिका निभाने वाले ट्रेंड्स पर चर्चा

भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफ कुरैशी ने स्वच्छ ईंधन से चलने वाले इंजन की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने इंडियन कॉमर्शियल व्हीकल कॉन्क्लेव (आईसीवीसी) के तीसरे संस्करण की मेजबानी की है। इस कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के अग्रणी लोगों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य भारत में वाणिज्यिक वाहन (सीवी) उद्योग के बदलते ट्रेंड पर विमर्श करना था। कार्यक्रम में भारत को विकसित एवं समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कुछ महत्वपूर्ण ट्रेंड्स पर चर्चा की गई।




### देश की जीडीपी में ऑटोमोटिव सेक्टर का है 7% योगदान

इस मौके पर भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफ कुरैशी ने कहा कि ऑटोमोटिव सेक्टर के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, क्योंकि देश की जीडीपी में इसका 7 प्रतिशत योगदान है और इसमें बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होते हैं। भारत सरकार इस तथ्य को समझती है और इसीलिए वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले पावरट्रेन की ओर कदम बढ़ाने और ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन के महत्व को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए पीएलआई जैसी स्कीम चलाई जा रही हैं, जो न केवल ऑटोमोटिव ओईएम के लिए, बल्कि कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग की पूरी वैल्यू चेन के लिए लाभकारी हैं।

### सीआईआई की सराहना की

उन्होंने इंडियन कॉमर्शियल व्हीकल कॉन्क्लेव जैसे मंच तैयार करने के लिए सीआईआई की सराहना की। ऐसे प्लेटफॉर्म से उद्योग एवं सरकार के बीच विचारों के आदान-प्रदान के अवसर बनते हैं।

सीआईआई आईसीवीसी के चेयरमैन एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने जोर देकर कहा कि भारत का सीवी उद्योग एक बदलावकारी मोड़ पर है, जिसे सरकार की महत्वाकांक्षी नीतियों, तेजी से हो रहे शहरीकरण और आर्थिक विकास से गति मिल रही है।

उन्होंने सरकार की ओर से नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी और पीएम गति शक्ति जैसी पहल की सराहना भी की। ऐसी पहल से लॉजिस्टिक्स की लागत को उल्लेखनीय रूप से कम करने में मदद मिली है।

## 7 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते पुलिस ने किया रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देशानुसार अपराध शाखा कैट की टीम ने कार्रवाई करते हुए 7 बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आपरेशन स्माइल के तहत कार्य करते हुए अपराध शाखा कैट ने बडखल चौक से 7 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। सभी बच्चों की उम्र 6 से 12 वर्ष के है। भीख मांगने वाले नाबालिग बच्चों व उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कराई गई। चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति फरीदाबाद ने उपरोक्त बच्चों के परिजनों को हिदायत देकर बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। स्कूली शिक्षा सामाजिक मान्यताओं, नैतिक मूल्यों, और सही आचार-व्यवहार के बारे में सिखाती है। शिक्षा के माध्यम से हम न केवल अधिकार, योग्यता, और आत्मविश्वास प्राप्त करते हैं, बल्कि हमारे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भी गारंटी होती है। शिक्षा विकास के लिए भी तैयार करती है। इसलिए स्कूली शिक्षा का महत्व बहुत अधिक है।

### क्रय-विक्रय संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया

## एविल के 72 इंजेक्शन जब्त, मेडिकल स्टोर संचालक की गाड़ी से बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना खेड़ी पुल पुलिस टीम ने ड्रग्स निरीक्षक के साथ एक मेडिकल स्टोर संचालक की गाड़ी से एविल के 72 इंजेक्शन बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया महेंद्र निवासी सेक्टर-16 फरीदाबाद ने हनुमान नगर भारत कॉलोनी में शर्मा मेडिकल स्टोर के नाम से मेडिकल स्टोर खोला हुआ है। थाना खेड़ी पुल पुलिस को गुप्त सूत्रों से मेडिकल स्टोर पर नशे के इंजेक्शन बेचने की सूचना प्राप्त हुई।

### ड्रग निरीक्षक को मौके पर बुलाया

सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस टीम ने ड्रग निरीक्षक पूजा चौधरी को मौके पर बुलाया । कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक महेंद्र की गाड़ी से एविल के 72 इंजेक्शन बरामद किए। मेडिकल स्टोर संचालक बरामद इंजेक्शन बारे क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जिस पर बरामद शुदा 72 इंजेक्शन को ड्रग्स विभाग द्वारा कब्जा में लिया गया है। जिनके द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गाली गलौज से परेशान भतीजे ने चाचा की छत से फेंक कर मौत के घाट उतारा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना भोजपुर के फरीदनगर इलाके में एक युवक ने पहले अपने चाचा को शराब पिलाई और उसके बाद मकान की मुंडेर से धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि थाना भोजपुर पर आकाश निवासी कस्बा फरीदनगर थाना भोजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके ताव के बेटे ने उसके पिता कुलदीप की छत से धक्का देकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के महज 24 घंटों के अंदर ही आरोपी अमित निवासी भोजपुरयान कस्बा फरीद नगर को अमराला गेट के पास यात्री शैड से गिरफ्तार किया गया । अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है



आरोपित ने पूछने पर बताया कि मेरे चाचा कुलदीप शर्मा मुझे तथा मेरे परिवार को शराब पीकर गाली-गलौज करते थे, मैंने तथा मेरे परिवार द्वारा चाचा को गाली न देने के लिए कई बार समझाया था । परंतु चाचा गाली देने से बाज नहीं आ रहे थे। मैंने पहले से ही प्रण कर लिया था कि जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं अपने चाचा को जान से मार दूंगा । 17 जुलाई की रात्रि को मै तथा मेरे चाचा कुलदीप शर्मा ने प्रेमचंद की छत पर बैठकर शराब पी थी । मैंने कम शराब तथा अपने चाचा को अधिक शराब पिलाई थी । मेरे चाचा कुलदीप शर्मा पड़ोस में लगी सुंदर की मकान की छत की मुढैल पर बैठकर पेशाब करने लगे थे , तभी मैंने अपने चाचा कुलदीप को जान से मारने की नियत से छत से नीचे धक्का दे दिया। जिस से उनकी मौके पर मृत्यु हो गई । मैंने अपने बचाव में हमारे मोहल्ले के वीरेन्द्र पुत्र धनी उर्फ धन्नीराम से विवाद चल रहा था, उसे फसांने के लिए मैंने उसके नाम का शोर मचा दिया था कि उसने मेरे चाचा को छत से फेंक दिया है । लेकिन सत्य यह है कि मैंने ही अपने चाचा कुलदीप को छत से नीचे फेंककर हत्या कर दी है ।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर ठगी करने के मामले दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना निवाड़ी पुलिस टीम ने गुरुवार को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर ठगी करने के मामले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग बेरोजगार नवयुवकों को शिपिंग कम्पनी, मर्चेंट नेवी में नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करके विदेशों में भेज देते हैं। जब उनकी वहां पर नौकरी नहीं लगती तो वे परेशान होकर वापस आने की जिद करते है तथा हम उनका वापसी का टिकट कराने के लिए अलग से रुपए लेते हैं तथा नौकरी लगवाने के नाम पर जो रुपये हम लेते थे उनको वापस नहीं करते थे ।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि थाना निवाड़ी पर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई देव चौधरी को विदेश में मर्चेन्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर आकाश राणा व अन्य लोगों 19 लाख 91 हजार 800 रुपए ऑनलाइन व नकद के रूप में लेकर उसके भाई को विदेश में दुबई व ईरान में भेज दिया। फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर वाट्सएप पर डाल दी तथा जिसके चलते उसे नौकरी नहीं मिली। परेशान होकर वापस वह भारत आ गया। जब आरोपियों से अपने रुपए वापस मांगे तो उसे व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश राणा व विकास राणा निवासी धनौरा सिल्वर नगर थाना बिनौली जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया ।



### श्रावण माह में कावड़ यात्रा

# कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों का ड्रोन कैमरे से किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्रावण माह में कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। कांवड़ियों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश व पुलिस उपायुक्त यातायात उषा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग में आने वाले चौराहो व भीड-भाड़ वाले स्थानों की सुरक्षा प्रबंधों को लेकर ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु नीलकंठ, हरिद्वार से कावड़ लाकर गंतव्य स्थान पर पहुंच कर भगवान शिव की आराधना करते हैं। इसी क्रम में हजारों संख्या में श्रद्धालु कावड़ लेकर फरीदाबाद से होते हुए पलवल, नूंह, सोहना, यूपी, राजस्थान, एमपी के विभिन्न स्थानों पर अपनी यात्रा के लिए अग्रसर होते हैं। बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा की जाने वाली इस यात्रा के दौरान उनके लिए शहर में मार्ग निर्धारित करके उन्हें एक सुगम तथा सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यातायात पुलिस द्वारा 3 मार्गो चिन्हित किए गए है।



**मार्ग नंबर**-एक कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड, **मार्ग नंबर-2** बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से प्रवेश करने के बाद आउटर बाईपास रोड फरीदाबाद तथा **मार्ग नंबर-3** बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से प्रवेश करने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग है। मार्ग नंबर1 कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड मुख्य मार्ग होगा।

### निरीक्षण के बाद रूपरेखा तैयार की जाएगी

यातायात पुलिस द्वारा उपरोक्त यात्रा मार्गों में आने वाले चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों का ड्रोन कैमरे से निरीक्षण करके सुरक्षा संबंधी जानकारी एकत्रित की जा रही है जिसके अनुसार आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा स्थान चिन्हित किए जाकर वहां पर व्यापक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार का अवरोद्ध उत्पन्न न हो और न ही किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में नहीं जाएगी कांवड़, आम दर्शनार्थियों के साथ ही कतार में करना होगा दर्शन

*काशी विश्वनाथ मंदिर में कांवड़ियों को आम दर्शनार्थियों की तरह कतार में ही लगकर बाबा का दर्शन और अभिषेक करना होगा। उनकी कांवड़ मंदिर के अंदर नहीं जाएगी। उसे बाहर ही रखकर दर्शन करने जाना होगा।*

## शिव भक्तों को सड़क पर कतार नहीं लगानी पड़े इसलिए मंदिर चौक में ही जिगजैग बैरिकेडिंग की संख्या बढ़ा दी गई है

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के महीने में शिव भक्तों के उमड़ने वाले हुजूम को देखते हुए खास व्यवस्थाएं की जा रही हैं। तीन दिन बाद 22 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। इस बार सावन के पहले ही दिन सोमवार पड़ रहा है। भक्तों को सड़क पर कतार नहीं लगानी पड़े इसलिए मंदिर चौक में ही जिगजैग बैरिकेडिंग की संख्या बढ़ा दी गई है।


इससे धूप और गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। इसके अलावा भी कई व्यवस्था की जा रही हैं। हालांकि इतनी ढेर सारी व्यवस्थाओं के बाद भी कांवड़ियों को आम दर्शनार्थियों की तरह कतार में ही लगकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन और अभिषेक करना होगा। उनकी कांवड़ मंदिर के अंदर नहीं जाएगी। उसे बाहर ही रखकर दर्शन करने जाना होगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्र ने सावन व्यवस्थाओं के बार में बताते हुए गुरुवार को कहा कि हर साल की तरह इस बार भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ रहा है। उसे देखते हुए मंदिर के अंदर जिगजैग रेलिंग की संख्या बढ़ा दी गई है। इससे श्रद्धालुओं को बाहर सड़क पर नहीं लगना होगा। मंदिर चौक पर ही उन्हें कतारबद्ध होना होगा। सीईओ ने कहा कि काशी में कांवड़ यात्रियों की संख्या भी ठीकठाक आती है। काशी विश्वनाथ मंदिर की परंपरा रही है। कांवड़ मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं करता है। कांवड़िए आम दर्शनार्थियों की तरह लाइन में लगकर दर्शन करेंगे। इस दौरान सभी के लिए शीतल जल, ओआरएस घोल आदि की पूरी व्यवस्था की जाएगी। शीतल हवा के लिए कूलर की व्यवस्था रहेगी।

### पांचों सोमवार को होगा अलग-अलग श्रृंगार

इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। पांचों सोमवार बाबा अलग अलग पांच रूपों में लोगों को दर्शन देंगे। पहले सोमवार 22 जुलाई बाबा के चल प्रतिमा का श्रृंगार किया जाएगा। 29 जुलाई को दूसरे सोमवार पर गौरी शंकर (शंकर पार्वती ) श्रृंगार होगा। 05 अगस्त तीसरे सोमवार अर्धनारीश्वर श्रृंगार होगा। 12 अगस्त को चौथे सोमवार पर रुद्राक्ष श्रृंगार होगा। 19 अगस्त पांचवें सोमवार पर शंकर पार्वती गणेश श्रृंगार और श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार होगा।

## खबर संक्षेप

### डायल 112 दफ्तर में पुलिस की शराब पार्टी, सस्पेंड



**शामली।** डायल-112 पुलिसकर्मियों वीडियो से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में 3 पुलिसकर्मी जाम छलकाते नजर आ रहे हैं। पुलिसकर्मियों ने ऑफिस को ही मयखाना बना रखा था। पुलिसकर्मियों ने बाकायदा टेबल पर नमकीन आदि पूरे इंतजाम कर जाम पर जाम छलकाते दिख रहे हैं। मामला जब उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी को सौंप दी है।

### दुमका में लड़की को जलाई पहाड़ी में फेंक दिया शव



**दुमका।** मसलिया थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के गुमरो पहाड़ स्थित एक खंडहर भवन से 21 साल की एक लड़की शव बरामद किया है। युवती की पहचान छिपाने के लिए शव को बुरी तरह से जला दिया गया है। लड़की के कथित प्रेमी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुमरो पहाड़ से बरामद अर्धजली युवती के शव की पहचान पुलिस ने कर ली है।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए सख्त निर्देश

# यूपी में कांवड़ियों को मिलेगी शिकंजी, फूलों से होगा स्वागत डीजे की ध्वनि मानक से अधिक न हो, ऊंचाई भी निर्धारित रहे

*सीएम योगी ने 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर शेष रह गए मरम्मत कार्यों को 72 घंटों में पूरा कराए जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित कराएंगे कि डीजे की ध्वनि निर्धारित मानक से अधिक न हो*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/मुजफ्फरनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर शेष रह गए मरम्मत कार्यों को 72 घंटों में पूरा कराए जाने का सख्त निर्देश दिया है। कांवड़ियों का स्वागत पुष्प वर्षा से कराए जाने के साथ ही उनकी सुविधा से जुड़े सभी प्रबंध समय रहते सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश भी दिया है। योगी ने 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन कराया जाए। इसके साथ ही कांवड़ मार्गों की निगरानी ड्रोन से कराई जाए। कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित कराएंगे कि डीजे की ध्वनि निर्धारित मानक से अधिक न हो और डीजे की ऊंचाई भी निर्धारित रहे, जिससे कहीं किसी को कोई असुविधा न हो।

अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में शिवालयों की व्यवस्था का परीक्षण करने के साथ ही भीड़ प्रबंधन के पुख्ता बंदोबस्त सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश भी दिया। कहा कि गंगनहर में मृत जानवरों के प्रवाह को तत्काल रोका जाए। पीडब्ल्यूडी, सिंचाई व नगर विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि कांवड़ यात्रा से संबंधित हर जिले की हर सड़क की मरम्मत का शेष काम अगले 72 घंटे में पूरा करा लिया जाए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ- सफाई व मार्ग प्रकाश की व्यवस्था पूरे माह दुरुस्त रहे।

कहीं गंदगी अथवा जलभराव नहीं होनी चाहिए। अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएं और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी रहे। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर शिविर लगाए जाएं, जहां शीतल पेय जल व शिकंजी का वितरण भी हो। कहा, शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए और शिविर संचालकों का सत्यापन जरूर कराया जाए।

यात्रा मार्ग पर साफ सफाई रहे, लगाए जाएं सहायता शिविर ड्रोन से होगी निगरानी श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर शिविर लगाने के दिए निर्देश



### कांवड़ यात्रा को लेकर यूपी पुलिस पर असदुद्दीन ओवैसी ने साधा निशाना

*ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम योगी पर निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में हिटलर की रूह समां गई है। उन्होंने मुजफ्फरनगर में यूपी पुलिस के कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे ठेले समेत खाने-पीने की दुकानों से मालिकों के नाम बोर्ड पर लगाने को लेकर इसे कानून के खिलाफ उल्लंघन बताया है।ओवैसी ने कहा कि हम इसकी निंदा करते हैं क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है, जो अस्पृश्यता की बात करता है। इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार छुआछूत को बढ़ावा दे रही है।*

### डीआईजी ने दुकानदारों को नाम लिखने का दिया आदेश

इधर सहारनपुर डीआईजी अजय साहनी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सहारनपुर मंजल में पड़ने वाली सभी कांवड़ मार्ग पर दुकानदार और रेड़ी वालों को नाम लिखना होगा. यानी कि अब मुजफ्फरनगर के बाद सहारनपुर और शामली में भी दुकानदार रेडी वालों को नाम लिखना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी ऐसी घटनाएं देखने को मिली की नाम को लेकर विवाद देखा गया, जिसके चलते यह फैसला लिया गया की रेडी और दुकानदार अपनी दुकान के आगे अपना नाम जरूर लिखें, जिससे कोई विवाद उत्पन्न न हो और कावड़ यात्रा सुचारु रूप से संपन्न कराए जा सके।

### यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया

इस बात को लेकर पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर निशाना साधा है और कहा है कि अगर दुकानदार का नाम गुड्डू, मुन्ना और फत्ते होगा तो वो क्या करेंगे.' अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'और जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा?' उन्होंने न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया । स्थानीय पुलिस प्रमुख अभिषेक सिंह ने एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और असदुद्दीन ओवैसी ने ही एक्स पर शेयर किया। अभिषेक सिंह ने कहा, 'जिले में कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिले में लगभग 240 किलोमीटर का कांवड़ मार्ग है। मार्ग पर सभी होटल, ढाबे, ठेले वालों से अपने मालिकों या फिर वहां काम करने वालों के नाम प्रदर्शित करने को कहा गया है। यह इसलिए जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार का कोई भ्रम किसी कांवड़िये के अंदर न रहे।

### जेडीयू ने किया विरोध मुस्लिम धर्मगुरु भी नाराज

*जेडीयू के केसी त्यागी का कहना है कि पता नहीं किन परिस्थितियों में मुजफ्फरनगर प्रशासन ने यह निर्देश जारी किया। लेकिन इन मुस्लिम बहुल इलाकों में सांप्रदायिक हिंसा का कोई इतिहास नहीं है। इसलिए प्रशासन अपने आदेश की समीक्षा करे और इसे यूपी के अन्य जिलों में लागू न करे। वहीं, दारूल उलूम के प्रवक्ता मौलाना सुफियान निजामी ने कहा कि धर्म के नाम पर आपत्ति करना बिल्कुल गलत है।*

### मायावती ने कहा- सरकार वापस ले आदेश

*यूपी के पूर्व सीएम मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश व मुजफ्फरनगर जिले के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेले आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश यह गलत परंपरा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जनहित में सरकार इसे तुरंत वापस ले।*

## पेज एक का शेष

### सेंसेक्स ने...

को तोड़ा। यही नहीं इतिहास में पहली बार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 81,000 के लेवल के पार निकल गया। हालांकि, इसकी शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी, फिर गिरने-उठने के सिलसिले के बीच अचनाक ही बाजार में तूफानी तेजी आ गई और पुराने सारे रिकॉर्ड टूट गए।

### सुप्रीम कोर्ट का...

चाहिए। कोर्ट ने कहा कि रिजल्ट अपलोड करते वक्त उम्मीदवार की पहचान जाहिर न की जाए। हम 22 जुलाई को सुबह 10.30 बजे अगली सुनवाई शुरू करेंगे। ताकि, दोपहर तक हम निष्कर्ष निकाल सकें। हम बिहार पुलिस रिपोर्ट की एक कॉपी भी चाहते हैं। नीट में गड़बड़ी से जुड़ी 40 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को तीसरी सुनवाई थी। इससे पहले 8 जुलाई और फिर 11 जुलाई को सुनवाई हुई थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डिवीजन बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें रखीं। याचिकाकर्ता के वकील एडवोकेट नरेंद्र हुड्डा हैं।

### कितने छात्र ...

8 हजार लोगों को एडमिशन मिलता है, बाकी 22 लाख लोगों को दाखिला नहीं मिलता तो इसका मतलब ये तो नहीं कि पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाए? सीजेआई ने आगे कहा कि सबसे कम अंक पाने वाले याचिकाकर्ता छात्र के मार्क्स कितने हैं? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुल 34 याचिकाएं है, जिनमें चार याचिकाएं एनटीए की है। पीठ ने आगे कहा कि 38 में छह ट्रांसफर याचिकाएं शामिल हैं। इस पर एनटीए की ओर से पेश वकील ने कहा कि हां 32 व्यक्तिगत याचिकाएं हैं।

### 45 मिनट के...

यह जवाब बांट दिए गए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुल 7 पेपर सॉल्वर थे और हर सॉल्वर को 25-25 प्रश्न दिए गए थे। सीजेआई ने कहा कि 45 मिनट के अंदर सारी गड़बड़ी को अंजाम दिया गया। पूरा पेपर हल करके छात्रों को दे दिया गया। यह बहुत दूर की कौड़ी लगती है।

### कोर्ट ने ...

कोर्ट से कहा कि छात्र सिर्फ शहर बदल सकते हैं और कोई भी उम्मीदवार केंद्र नहीं चुन सकता। सेंटर का चयन अलॉटमेंट सिस्टम द्वारा किया जाता है। सेंटर का अलॉटमेंट परीक्षा से सिर्फ दो दिन पहले होता है, इसलिए किसी को नहीं पता कि कौन सा सेंटर मिलने वाला है।

### अदालत ने कहा...

करेगा। आप हमें संतुष्ट करिए कि पेपर लीक बड़े पैमाने पर हुआ और परीक्षा रद्द होनी चाहिए। दूसरी इस मामले में जांच की दिशा क्या होना चाहिए वो भी हमें बताएं। उसके बाद हम सॉलिसिटर जनरल को सुनेंगे। अगर आप हमारे सामने यह साबित कर देते हैं कि बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई तभी दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया जा सकता है।

- **वकील नरेंद्र हुड्डा :** कुछ ऐसे छात्र भी आए हैं, जिनकी रैंक एक लाख आठ हजार छात्रों के बीच है, लेकिन उनको सरकारी कॉलेज नहीं मिला। वहीं, एनटीए ने सभी लोगों का रिजल्ट घोषित नहीं किया है, जबकि दूसरी परीक्षाओं में पूरे रिजल्ट घोषित होते है।
- **सीजेआई चंद्रचूड़ :** सरकारी कॉलेजों में कितनी सीटें हैं?
- **वकील नरेंद्र हुड्डा :** 56 हजार सीटें। कम से कम एक लाख का रिजल्ट घोषित हों।
- **सीजेआई चंद्रचूड़ :** क्या आपके हिसाब से कुछ लोग एक लाख आठ हजार के कैटेगरी में आ गए है? आप (याचिकाकर्ता) पहले तथ्यों पर बात करें। एक लाख आठ हजार में से कितने याचिकाकर्ता है और कितने छात्र सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।

### लोको पायलट का ...

जांच एजेंसियों को यह जानकारी दी है। इसी वजह से इस हादसे की अब साजिश के एंगल से जांच शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं। रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपए और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। सीआरएस जांच के अलावा, उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

### आज से शुरू होगी...

के अन्य प्रतिनिधियों से भी मुलाकात होगी। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा में भारत और भूटान के विदेश सचिव भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता (योजना वार्ता) की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। ये यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है और भारत सरकार की पड़ोस पहले (नेबरहुड फर्स्ट) की नीति को दी जाने वाली सर्वोच्च प्राथमिकता को रेखांकित करती है।

### 3 राज्यों में 19 मौतें...

और मध्य प्रदेश में हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार दोपहर को आपात बैठक बुलाई। उन्होंने राज्य में चांदीपुरा वायरस की स्थिति और महामारी को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों की जानकारी भी ली।

**चांदीपुरा वायरस क्या है :** स वायरस का पहला मामला 1965 में महाराष्ट्र के नागपुर जिले के चांदीपुर में सामने आया था। इस वायरस से महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाके प्रभावित हुए थे। वायरस से रोगी मस्तिष्क ज्वर (एन्सेफेलाइटिस) का शिकार हो जाता है। वायरस मच्छरों और मक्खियों के काटने से फैलता है।

### चौहान ने फसल...

शासन इस संबंध में पूरी तरह गंभीरता से काम कर रहा है। हम मिल-जुलकर खेती-किसानी के विकास के लिए लगातार काम करते रहेंगे। बैठक में कृषि सचिव संजीव चोपड़ा सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कृषि सांख्यिकी में सुधार योजना में पंजाब को भी शामिल करते हुए एसएएसए के तहत परियोजना निगरानी इकाई स्थापित करने की अनुमति दी गई है। इस योजना के अंतर्गत आईएएस के कार्यों में शामिल कर्मचारियों के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता के साथ धनराशि जारी की जाती है। यह पहल कृषि सांख्यिकी प्रणाली में सुधार की दिशा में एक अहम कदम है। बैठक में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के कार्यान्वयन को लेकर चर्चा हुई और इस बात पर जोर दिया गया कि पर्यावरण के हित में इस दिशा में और भी गंभीरता से काम किया जाना चाहिए।

चौहान ने कहा कि किसानों को ड्रेगन फ्रूट, कीनू आदि उगाहने सहित बागवानी एवं अन्य फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि पराली की समस्या कमतर हो और किसानों की आमदनी भी बढ़ सकें। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के संबंध में चौहान ने केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तरह पंजाब को भी पर्याप्त खाद-बीज की आपूर्ति होती रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र शासन इस संबंध में पूरी तरह गंभीरता से काम कर रहा है। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### ननिहाल की यात्रा...

बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### वनांचलों को मुख्य...

वाला मुख्य मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है।

## राजद ने पीके को मुसीबत माना

# प्रशांत किशोर के संपर्क में आए राजद के नेताओं पर शुरू की कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ मधेपुरा

राष्ट्रीय जनता दल ने प्रशांत किशोर के आसपास पहुंचने वाले अपनी पार्टी के नेताओं को निलंबित करना शुरू कर दिया है। अब बारी किसकी होगी? पीके ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राज्य की सभी 243 सीटों से अपने प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है। प्रशांत किशोर के जन सुराज अभियान को लेकर लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद ने कड़ा एक्शन लिया। इससे संपर्क में आए राजद के नेताओं पर कार्रवाई शुरू की।

अब प्रशांत किशोर ने चुनाव में उतरने का खुला एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव में जन सुराज सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आगामी 2 अक्टूबर को जन सुराज अभियान को राजनीतिक दल के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा। कहा कि मैंने घोषणा की है कि मैं इस दल का नेता नहीं हूं। हम पहले नेताओं और राजनीतिक दलों को सलाह देते थे कि किस तरह से संगठित हों, किस तरह से चुनाव अभियान चलाया जाए।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर

# एलएलबी के छात्र ने सीएम योगी को दी बम से उड़ाने की धमकी

- प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार ने दबिश देकर घर पर आरोपी को दबोचा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एलएलबी के छात्र को सरायइनायत पुलिस ने दबोच लिया है।

बुधवार को देर रात सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्श पर अनिरुद्ध पांडेय निवासी मालवा खुर्द ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पांच दिन के भीतर बम से उड़ाने की धमकी दी थी। उसका यह पोस्ट तेजी से वायरल होने लगा। इसकी जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने सुबह दबिश देकर उसे घर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया की चर्चा में आने के लिए उसने धमकी भरा पोस्ट एक्श पर डाला था। पुलिस ने आईटी एक्ट और धमकी का केस दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

## अस्पताल में इलाज न मिलने से लोगों का हंगामा

# निर्माणाधीन मकान का हिस्सा गिरा, 4 की मौत, भड़की भीड़ का सरकारी डॉक्टर के आवास-क्लिनिक में उपद्रव

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण के ढाका थाना क्षेत्र के लहन ढाका में भीषण हादसे में मौके पर चार लोगों की मौत हो गई। यह सभी एक निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलने के दौरान मलबा गिरने से दम घुटने पर मर गए। अस्पताल पहुंचाए जाने पर उन्हें तत्काल डॉक्टरी सहायता नहीं मिली और इन्हें वहां मृत घोषित करने की औपचारिकता ही हुई। इस घटना और उसके बाद अस्पताल में इलाज नहीं मिलने के कारण लोग हंगामा कर रहे हैं। उग्र भीड़ ने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक के घर पर तोड़फोड़ की। गुस्साई भीड़ ने प्रभारी उपाधीक्षक के निजी नर्सिंग होम पहुंचकर भी तोड़फोड़ की।



### पर्याप्त संख्या में पुलिस

*घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ढाका बीडीओ, एसडीओ, एसडीपीओ और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। सभी अधिकारी लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अधिकारी के आदेश पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।*

### आक्रोशित लोगों ने ढाका-मोतिहारी रोड जाम कर बवाल किया

घटना से आक्रोशित लोगों ने ढाका-मोतिहारी रोड जाम कर दिया और जमकर बवाल करने लगे। उनका कहना हे कि ढाका अनुमंडलीय अस्पताल में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं है। हमलोग घायल मजदूरों को लेकर यहां पहुंचे लेकिन डॉक्टर नहीं होने के कारण उनका ससमय इलाज नहीं हो पाया। इस कारण मजदूरों की मौत हो गई। लोगों ने कहा कि बिहार सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और फौरन इसका समाधान करे। साथ ही मरने वालों के परिजनों को उचित सहायता प्रदान करें।

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चों, तुमने टीवी में या रियल पपेट शो देखा होगा। पपेट यानी कठपुतलियों के जरिए मनोरंजन की यह कला देश-विदेश में सदियों से प्रचलित है। कहीं लकड़ी से, कहीं फैब्रिक से, कहीं पानी पर उछलते-कूदते तो कहीं शैडो पपेट्स के खेल देखने में बहुत मजा आता है। यहां हम तुम्हें दुनिया के कई देशों में पॉपुलर पपेट्स के बारे में बता रहे हैं।

# रंग-बिरंगी प्यारी-प्यारी खेल दिखाती कठपुतलियां



जापान की बनराकू पपेट

बच्चों, आज के समय में तुम्हारे पास एंटरटेनमेंट और टाइम-पास के लिए कई साधन उपलब्ध हैं, जैसे-वीडियो गेम्स, मूवीज, टीवी शोज, म्यूजिक आदि। लेकिन बहुत पुराने दौर से आज तक भारत समेत दुनिया के कई देशों में मनोरंजन के लिए पपेट्स यानी कठपुतलियों का खेल भी दिखाया जाता रहा है। इन पपेट्स के हाव-भाव देखने का मजा ही कुछ अलग होता है। कठपुतलियां कई तरह की होती हैं। इन्हें काठ यानी लकड़ी के अलावा अलग-अलग देशों में कपड़े, मिट्टी, चमड़े जैसे कई तरह के मैटीरियल से बनाया जाता है।

## जापान की बनराकू पपेट

जापान को दुनिया के सबसे एडवांस्ड और विकसित देशों में गिना जाता है। हालांकि यहां इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों और मॉडर्न तकनीक से हजारों तरह के गेम्स खूब बनते और बिकते हैं। लेकिन इनके साथ ही यहां के पपेट्स 'बनराकू' को लोग बहुत पसंद करते हैं। इन पपेट्स को काठ (वुड) से बनाया जाता है। ये पपेट्स, छोटे और बड़े कई आकारों में बनाए जाते हैं। जापानी फोक म्यूजिक के साथ जब बनराकू पपेट्स को परफॉर्म कराया जाता है तो देखने वाले 'वाह-वाह!' कर उठते हैं।

## वियतनाम की वाटर-पपेट

वियतनाम में पपेट्स का खेल एक हजार साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। यहां पपेट्स आर्ट को 'मुआ रोई नॉक' कहते हैं, जिसका मतलब है-पानी पर डांस करने वाली पपेट्स। इन पपेट्स को नचाने वाले आर्टिस्ट्स कमर तक पानी भरे तालाब में खड़े होकर इनका तमाशा दिखाते हैं। यहां इन पपेट्स के शानदार शो आयोजित किए जाते हैं। इन्हें स्थानीय लोग और पर्यटक बड़े चाव से देखते हैं।



वियतनाम में खूब पॉपुलर हैं वाटर-पपेट्स

### कैसे परफॉर्म करते हैं पपेट्स

बच्चों, पपेट (कठपुतली) अलग-अलग मैटीरियल से बनी एक तरह की डॉल जैसी होती है, जिनमें कुछ स्ट्रिंग्स यानी डोरी बंधी होती हैं। पपेट-आर्टिस्ट इन स्ट्रिंग्स की मदद से पपेट को ऊपर-नीचे और अलग-अलग डायरेक्शन में कुछ इस तरह मूव कराते हैं कि ऐसा लगता है, मानो पपेट खुद चल-फिर रहे हों या डांस कर रहे हों।

## चीन की शैडो-पपेट

चीन देश में पपेट्स की परंपरा सदियों पुरानी है। यहां कई स्थानों पर बच्चों को हिस्ट्री और कल्चर पढ़ाने के लिए भी पपेट शोज का आयोजन किया जाता है। खासतौर पर यहां के गांवों में अब भी मनोरंजन का एक प्रमुख साधन, पपेट शो हैं। चीन में डोरी से खींचे जाने वाले पपेट शो के अलावा शैडो-पपेट्स का तमाशा भी काफी पसंद किया जाता है। वास्तव में शैडो-पपेट्स ऐसी आकृतियां होती हैं, जिन पर खास एंगल से रोशनी डालने पर पीछे लगे पर्दे पर उनकी तस्वीर उभर आती है। ये पपेट्स काफी रंग-बिरंगे होते हैं। शो के दौरान इन्हें हैंडल करने वाले कलाकार, डायलॉग्स के बीच-बीच में बांस से बनी सीटी भी बजाते रहते हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ जाता है।



अमेरिका के फैब्रिक पपेट्स



इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

## अमेरिका के फैब्रिक पपेट

अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों में सॉफ्ट-स्पंजी फैब्रिक्स से बने पपेट्स खूब पसंद किए जाते हैं। ये पपेट्स कार्टून कैरेक्टर्स जैसे लगते हैं। यहां पपेट्स के कई सुपरहिट टीवी शोज भी टेलिकास्ट किए जा चुके हैं। यहां बच्चों के लिए प्रेरक, शिक्षाप्रद और मनोरंजक कार्यक्रम बनाने के लिए पपेट्स का खूब प्रयोग किया जाता है। अमेरिकी टीवी शो 'सीसेम स्ट्रीट' का नाम तो तुमने जरूर सुना होगा, यह टीवी पर प्रसारित होने वाला एक पपेट-शो था, जिसे हमारे देश में 'गली-गली सिम-सिम' के नाम से दिखाया जाता रहा है।

### भारत में तरह-तरह की कठपुतलियां



हमारे देश में भी कठपुतली-कला हजारों साल पुरानी है। हड़प्पा और मोहनजो-दारो की खुदाई में भी कठपुतलियों के अवशेष मिले हैं। भारत में पौराणिक या लोक कथाओं पर आधारित कठपुतलियों का प्रचलन अधिक है। भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग रंग-रूप और आकार की कठपुतलियां प्रचलित हैं। जैसे राजस्थान, ओड़ीशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में धागा पुतली के खेल खूब दिखाए जाते हैं। राजस्थान में इन्हें कठपुतली,ओड़ीशा में कुनढेई, कर्नाटक में गोंबयेट्टा, तमिलनाडु में बोंमालट्टा कहते हैं। कई क्षेत्रों में छाया कठपुतलियों का भी प्रचलन है। छड़ पुतलियों के खेल बंगाल में पुतुलनाच और बिहार में यमपुरी के नाम से जाना जाता है। कुछ स्थानों पर दस्ताना पुतली भी खूब मनोरंजन करती हैं, इन्हें हथेली में दस्तानों की तरह पहनकर नचाया जाता है।

## इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

इंग्लैंड में इतने विशाल पपेट्स बनाए जाते हैं कि इन्हें उठाने और चलाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ता है। यहां लिवरपूल में आयोजित होने वाला पपेट-शो 'लिवरपूल जायंट्स परेड' दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस परेड में करीब तीन मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई वाले पपेट्स शामिल किए जाते हैं। इन पपेट्स को 'कार्निवल पपेट्स' के नाम से जाना जाता है।

## इंडोनेशिया के पपेट शोज में रामकथा

रामायण और रामकथा हमारे देश के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में प्रचलित है। इंडोनेशिया में अलग-अलग स्थानों पर रामकथा का प्रदर्शन पपेट्स के माध्यम से किया जाता है। यहां भी चीन की तरह शैडो पपेट्स अधिक प्रचलित हैं। *

---

## जीके क्विज-113

1. इंडियन क्रिकेट टीम का नया हेड कोच किस पूर्व क्रिकेटर को बनाया गया है?
2. पिछले ओलंपिक (टोक्यो-2021) खेलों में भारत ने कुल कितने पदक जीते थे?
3. वह कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) है, जो दूध से दही जमाने में मदद करता है?
4. हाल में ही ईरान के नए राष्ट्रपति कौन बने हैं?
5. भारत के वर्तमान गृह मंत्री का क्या नाम है?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन थे?
7. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
8. पंकज आडवाणी का संबंध किस खेल से है?
9. एक फुटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
10. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-113 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-112 का उत्तर :** 1. अनामिका बी. राजीव, 2. मुंशी प्रेमचंद, 3. मुंबई, 4. गिरिब्रज, 5. मधुमेह (डायबिटीज), 6. अमेजन वर्षा वन, 7. मध्य प्रदेश, 8. कर्नाटक, 9. महाराणा प्रताप और अकबर, 10. ईटानगर

**जीके क्विज-112 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, नारायण-मनकी लोरमी, विशु-मनकी लोरमी, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, पृथ्वी-बिलासपुर, रितेश-मटियारी

## हंसगुल्ले

**टीचर (तेज आवाज में) :** तो.. हमें अपने सपने पूरे करने के लिए क्या करना चाहिए?
**राजू (जम्हाई लेते हुए) :** फिर से सो जाना चाहिए।

**-तनुजा, जबलपुर**

**नव्या :** बताओ, दूध उफनकर बाहर क्यों गिर जाता है?
**नैंसी :** दूध उबालते समय व्हाट्स एप्प पर चैट करने की वजह से।

**-खुशबू, रायपुर**




**मम्मी :** एग्जाम कैसा हुआ बेटा?
**मोनू :** मम्मी, एग्जाम में ऐसे सवाल आए थे, जो मैंने कभी पढ़े ही नहीं थे।
**मम्मी :** तो फिर तुमने क्या किया?
**मोनू :** मैं भी ऐसे जवाब लिखकर आया हूं, जो टीचर जी ने कभी पढ़े नहीं होंगे।

**-हर्षिता, बिलासपुर**

**चुन्नू :** गाय पूंछ क्यों हिलाती है?
**मुन्नू :** क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि वो गाय को हिला सके।

**-आदित्य, बलौदा बाजार**

---



ट्रंक में बंद रंग-बिरंगी रेनकोट को काली-कलूटी छतरी से चिढ़ थी। वह उसे नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थी। बरसात से पहले जब छतरी और रेनकोट को ट्रंक से बाहर निकाला गया तो ऐसा क्या हुआ कि रेनकोट को अपनी खूबसूरती पर शर्मिंदगी महसूस होने लगी?

# छतरी और रेनकोट

कहानी

अशोक जोशी

उस रोज संडे था। मोनू अपने पापा और मम्मी के साथ घर में ही था। शाम को वे सभी कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर रहे थे कि तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। पापा ने मम्मी से कहा, 'देखो, अचानक कितनी तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि पूरे सप्ताह तेज बारिश की संभावना है। वो जो ट्रंक में मेरी छतरी और मोनू की रेनकोट रखी है, उसे निकाल लो।'

'ठीक है, निकाल लेते हैं।' मम्मी बोलीं।

मोनू के पापा-मम्मी की बातें जब ट्रंक में रखी छतरी और रेनकोट को सुनाई दीं तो वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि कई महीनों तक ट्रंक में पड़े रहने के बाद अब उन्हें ताजा हवा खाने को मिलेगी और बारिश की ठंडी-ठंडी बूंदों का स्पर्श मिलेगा। छतरी ने रेनकोट से कहा, 'देखो बहन, अब हमारे काम आने का समय आ गया है, तैयार हो जाओ।' रेनकोट की सोच कुछ अलग ही थी। उसे अपने रंग-रूप पर बड़ा अभिमान था। छतरी से उसकी बिल्कुल भी नहीं जमती थी। वह हमेशा छतरी को नीचा दिखाने का बहाना ढूंढ़ती रहती थी, उसे ओल्ड-फैशंड बताती और हमेशा उसके रंग-रूप का मजाक उड़ाती थी। वह कहती थी, 'हुंह.. कहां मैं और कहां तुम! तुम तो बिल्कुल ओल्ड-फैशंड हो। तुम अपना रंग-रूप देखो और जरा मेरी तरफ देखो, मैं कितनी मॉडर्न और रंग-बिरंगी हूं। मुझे देखकर बच्चे चहक उठते हैं। वैसे भी आज के मॉडर्न जमाने में छतरी कौन यूज करता है? देखो, मोनू के पापा ने मुझे किस तरह सहेज कर कवर के अंदर रखा है, तुम्हें ट्रंक के एक कोने में पटक दिया है। याद करो, मोनू के पापा ने जब तुझे खरीदा था, तब वो मोनू को भी छतरी ही दिलवा रहे थे। लेकिन मोनू ने अपने पापा से जिद करके अपने लिए रेनकोट खरीदवाया था।'

'बहन, ऐसा क्यों कहती हो? मैं भी तो वही काम करती हूं, जो तुम करती हो। हम दोनों ही लोगों को बारिश में भीगने से बचाते हैं। बस रंग-रूप और आकार-प्रकार में अंतर है।' छतरी विनम्रता से बोली।

तभी उन्हें कदमों की आहट अपनी तरफ आती सुनाई दी। चरमराहट की आवाज के साथ ट्रंक खुल गया। मम्मी ने पहले कोने में रखी छतरी को उठाया। उसे उलट-पुलट कर देखा। उस पर थोड़ी धूल जमी थी। उन्होंने दो-तीन बार उसे खोला और बंद किया। उसकी ताड़ियां भी अच्छी तरह से काम कर रही थीं। 'शुक्र है, यह अभी अच्छी है। कम से कम एक-दो सीजन तो निकाल ही देगी।' मम्मी बुदबुदाते हुए बोलीं, फिर उन्होंने छतरी को साफ कर दीवार में लगी कील पर टांग दिया।

मम्मी की बातें सुनकर छतरी को अपनी उपयोगिता पर संतोष हुआ। इसके बाद मम्मी ने जैसे ही रेनकोट की तरफ हाथ बढ़ाया, रेनकोट की बांछें खिल उठीं। उसने सोचा कि मम्मी अब उसकी खूब तारीफें करेंगी, उसे प्यार से सहेज कर अलमारी में रखेंगी ताकि बारिश में जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सकें। मम्मी ने कवर से निकालकर जैसे ही रेनकोट को खोला तो उनका मूड-ऑफ हो गया। जिस-जिस जगह से रेनकोट को मोड़कर रखा गया था, वहां सिलवटें पड़ गई थीं और जब उन्होंने उसे झटकारा तो सिलवटों वाली जगह से रेनकोट फट गई।

'पिछले साल ही तो खरीदी थी। सोचा था दो-चार सीजन निकाल देगी। लेकिन यह तो बस दिखने में ही अच्छी थी। कोई खास काम ना आ सकी। इससे अच्छी तो छतरी है, जो सालों तक बरसात के अलावा गर्मी में भी काम आती है...।' बुदबुदाते हुए मम्मी ने रेनकोट को डस्टबिन में डाल दिया। अगले दिन उसे नगर निगम की कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में डाल दिया गया। गाड़ी वाले ने अन्य कचरे के साथ उसे डाल दिया। रेनकोट अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही थी। वह मन ही मन सोच रही थी, 'मेरा रंग-रूप भला किस काम आया? मुझसे अच्छी तो वह छतरी है, जो अभी तक घर में लोगों के काम आ रही है।' रेनकोट को समझ आ चुका था कि रंग-रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारा गुण होता है। इसलिए कभी भी किसी का रंग-रूप देखकर उसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, बल्कि उसके अच्छे गुणों की कद्र करनी चाहिए। *

---

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## बरस घटा घनघोर

ओ घटा, बरस, घनघोर बरस,
इस ओर बरस, उस ओर बरस।
हम झूम-झूम कर नाच उठें,
अब झूम उठे मन-मोर, बरस।
लहलहा उठे बगिया मेरी,
तू जोर बरस, पुरजोर बरस।
सब ताल-तलैया भर जाएं,
मेढक करते हैं शोर, बरस।
रिमझिम का गीत सुना फिर से,
तू बन जा अब चितचोर, बरस।
कोई भी जगह न छूटे अब,
तू गांव-शहर हर छोर, बरस।
धरती की सारी प्यास बुझाए
झमझम-झमझम झकझोर, बरस।
जब तक सब खुश न हो जाएं
बूंदें न पड़ें कमजोर, बरस।
हम सब खेलेंगे छपछैया,
ओ घटा जरा तू, और बरस।

---

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.भालू के मुंह की मुद्रा बदली हुई है। 2. शहद-पीपे के ऊपर मंडरा रही मधुमक्खी गायब है। 3.भालू के पीछे पेड़ पर अतिरिक्त पत्तियां लगी हैं। 4.झाड़ियों के पीछे एक और भालू दिख रहा है। 5.शहद-पीपे के पीछे शहद नहीं गिरा है।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां कुछ अधूरे ज्योमेट्रिकल शेप्स और उनके कट-आउट्स के चित्र दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इन चित्रों को पूरा करो।




उत्तर : 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में बहुत सारे बच्चे दिखाई दे रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितने बच्चे दिखाई दे रहे हैं?



उत्तर-12

## खबर संक्षेप

### देवर्षि नारद जयंती समारोह आज

**भोपाल।** विश्व संवाद केंद्र की ओर से 19 जुलाई को देवर्षि नारद जयंती समारोह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। समागम केंद्र वृंदावन गार्डन नर्मदापुरम रोड में शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे से शुरू होने समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव और मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यशवंत इंद्रपुरकर होंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक पुनर्जागरण और मीडिया की भूमिका पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

### न सीपीआई इंडेक्स जारी हुआ न हुई वेतन वृद्धि

**भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 22 जुलाई 2023 को नवीन संविदा नीति में सातवें वेतनमान के अनुसार वित्त विभाग संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के लिऐ प्रति वर्ष 1 अप्रैल को सीपीआई इंडेक्स जारी किया जाएगा और वेतन वृद्धि की जाएगी। बावजूद इसके तीन माह बीतने के बाद भी वित्त विभाग ने ना तो सीपीआई इंडेक्स जारी किया है और ना ही वेतन वृद्धि के आदेश जारी किए गए है। यह आरोप मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने लगाए है। रमेश राठौर ने सीपीआई इंडेक्स और वेतन वृद्धि आदेश जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संविदा कर्मचारिओ को सीपीआई और वेतन वृद्धि के आदेश जारी करने की गुहार लगाई गई है। राठौर ने बताया कि सीपीआई इंडेक्स और वेतन वृद्धि नहीं करने से संविदा कर्मचारियों को प्रतिमाह दो से आठ हजार रूपए का घाटा हो रहा है।

### तेंदुए की बीमारी से मौत होने की आशंका

**भोपाल।** वन मंडल बुरहानपुर के तहत बुधवार को वन परिक्षेत्र नावरा के राजस्व ग्राम नया खेरा की पहाड़ी पर मादा तेंदुआ का शव मिला। जानकारी मिलने पर मौके पर पशु चिकित्सकों का 3 सदस्यीय दल पहुंचा। परीक्षण में पाया गया कि मृत मादा तेंदुआ के समस्त अंग सुरक्षित है। पशु चिकित्सकों ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में तेंदुए की मृत्यु बीमारी से होने की संभावनाएं बताई गई है।

उप मुख्यमंत्री ने किया अक्षय पात्र की रसोई का अवलोकन

# डिप्टी सीएम शुक्ल ने किया वृंदावन चंद्रोदय मंदिर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को वृंदावन की यात्रा की। इस अवसर पर उन्होंने वृंदावन चंद्रोदय मंदिर का भ्रमण किया और अक्षय पात्र की रसोई का अवलोकन किया।

**मंदिर की भव्यता धार्मिक महत्ता और प्रबंधन की सराहना की**

यात्रा के दौरान शुक्ल का स्वागत विशेष रूप से मध्यप्रदेश के अध्यक्ष, आचार्य रतन दास ने शॉल ओढ़ाकर किया। शुक्ल ने वृंदावन चंद्रोदय मंदिर की भव्यता और धार्मिक महत्त्व का अवलोकन करते हुए मंदिर के प्रबंधन की सराहना की। यह मंदिर दुनिया का सबसे ऊंचा मंदिर है, जिसकी ऊंचाई लगभग 700 फीट है। मंदिर का निर्माण आधुनिक और पारंपरिक वास्तुकला का मिश्रण है, जिसमें हिंदू धार्मिक कथाओं और सांस्कृतिक धरोहरों का समावेश किया गया है। इसके बाद, शुक्ल ने अक्षय पात्र की रसोई का दौरा किया, जो लाखों बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अक्षय पात्र के प्रयासों की सराहना की और इस नेक कार्य में योगदान करने का संकल्प लिया।



### राज्य सरकार हर संभव सहायता देगीः राजेंद्र





उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि वृंदावन चंद्रोदय मंदिर और अक्षय पात्र दोनों ही स्थान न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि समाज की सेवा में भी अग्रणी हैं। इनका योगदान अतुलनीय है और हम सभी को इनके कार्यों से प्रेरणा लेना चाहिए। यात्रा के दौरान शुक्ल ने मंदिर और अक्षय पात्र के प्रबंधकों से मुलाकात की और उनकी भावी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इन संस्थानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस अवसर पर कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिन्होंने शुक्ल का स्वागत किया और उनके साथ इस यात्रा के महत्वपूर्ण क्षणों को साझा किया।

अभियान के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जाएगा

# गंभीरता के साथ राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में हो निराकरण, 31 अगस्त तक चलेगा महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। इसमें जिले के अधिकारियों की देखरेख में किसानों और आमजन की सहुलियत के लिए पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

इस अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जाएगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। राजस्व मंत्री करन वर्मा ने बताया कि राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।



### वरिष्ठ राजस्व अधिकारी करेंगे मैदानी क्षेत्र का दौरा

राजस्व महा अभियान में संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। वे राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग करेंगे। इसके साथ ही दौरे के समय मौके पर ही शिकायतों का निराकरण कराएंगे। यदि संबंधित पटवारी या अन्य कर्मचारी की कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो वे सख्त कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों का भी आह्वान किया है कि दिक्कत आ रही है तो मुख्यमंत्री कार्यालय को सूचित करने के साथ ही पत्रचार भी करें।

### विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिनों में किया जाएगा

#### युवाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जाएगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन करने के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

#### राजस्व विभाग ने लक्ष्य निर्धारित किया

राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नामांतरण के 75 हजार 964, बंटवारा के 9 हजार 897, अभिलेख दुरूस्ती के 9 हजार 889 और सीमांकन के 25 हजार 423 प्रकरण शामिल हैं। इसके साथ ही 30 जून 2024 की स्थिति में एक करोड़ 95 लाख 45 हजार नक्शे पर तरमीम के लंबित मामलों को भी दर्ज किया जाएगा।

राजस्थान के जल संसाधन मंत्री ने किया मध्यप्रदेश का दौरा

# सिंचाई के क्षेत्र में मप्र के नए प्रयोग को गुजरात सरकार भी अपनाएगी

**मंत्री सिलावट से गुजरात के जल संसाधन मंत्री बावलिया ने की मुलाकात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में सिंचाई के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोग को गुजरात सरकार भी अपनाएगी। इसके तहत गुजरात सरकार के अधिकारी उन परियोजनाओं का दौरा कर रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसमें मप्र सरकार को बड़ी सफलताएं मिली है। इसमें भी मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज्ड पाइप सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता में लिया गया है। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री व जल संसाधन) डॉ. राजेश राजौरा ने इसका एक विस्तृत खाका तैयार किया है। इस आधार पर परियोजनाओं का अध्ययन किया जाएगा।

गुजरात के जल संसाधन मंत्री कुंवरजी भाई मोहन भाई बावलिया ने बुधवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से उनके निवास पहुंचकर मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने दोनों राज्यों की सिंचाई परियोजनाओं और आपसी सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। गुजरात के मंत्री बावलिया ने कहा कि सिंचाई के क्षेत्र में मप्र नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां की मोहनपुरा कुंडलिया और केन बेतवा लिंक परियोजनाएं न केवल भारत में अपितु विश्व की सिंचाई परियोजना में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।



उन्होंने बताया कि मैं यहां मध्यप्रदेश की मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज्ड पाइप सूक्ष्म सिंचाई परियोजना और अन्य परियोजनाएं देखने आया हूं। सिंचाई के क्षेत्र में मध्य प्रदेश में किए जा रहे नित नए प्रयोगों को गुजरात सरकार भी अपनाएगी।

### पीएम मोदी शीघ्र केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करने आएंगे

मंत्री सिलावट ने बताया की मप्र में सिंचाई क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन करने के लिए मध्यप्रदेश आने वाले हैं। यह परियोजना प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर बदल देगी। मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज्ड पाइप सूक्ष्म सिंचाई परियोजना विश्व की अनूठी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के लिए मप्र को केंद्र सरकार से पुरस्कृत भी किया गया है। इन परियोजनाओं की वजह से आज मप्र का सिंचाई का रकबा बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य वर्ष 2025 तक इसे 65 लाख हेक्टेयर और वर्ष 28-29 तक इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है।

#### गुजरात की साबरमती रिवरफ्रंट और अन्य योजनाएं देखने आने का न्यौता

गुजरात के जल संसाधन मंत्री बावलिया ने सिलावट को गुजरात की साबरमती रिवरफ्रंट व अन्य योजनाएं देखने का आमंत्रण भी दिया और गांधी आश्रम की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। इस मौके पर मप्र के जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान और अन्य जल संरक्षण और संवर्धन संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने इस संबध में एक पुस्तिका भी भेंट की। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता शिरीष मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी की खबर सुनकर बैंक के चक्कर काट रहे पीड़ित

# 24 खाताधारकों के बैंक अकाउंट से 1 करोड़ 88 लाख का गबन करने वाले ब्रांच मैनेजर का दूसरा सहयोगी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ के कुरुद में एचडीएफसी बैंक में लोगों के खातों से लगभग दो करोड़ रुपए गबन करने वाले बैंक मैनेजर श्रीकांत टिनेटी के सहयोगी तेजेंद्र साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी साथी तेजेंद्र साहू ने बताया कि, इसने पहले ब्रांच मैनेजर के खाते और उसकी पत्नी के खातों में ट्रांसफर किए फिर लगभग 1 करोड़ 6 लाख रुपए ऑनलाइन जुए में उड़ा दिए। आरोपी तेजेंद्र के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही सुबह से लोग थाना पहुंचने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि, कुरूद स्थित एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टिनेटी और उसके साथी तेजेंद्र साहू ने बैंक के 24 खाता धारकों के खाते से एक करोड़ 88 लाख रुपए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए थे। जिसकी जानकारी खाताधारकों को चेक बाउंस होने, खाते में रकम ना होने आदि के माध्यम से हुई। जिस पर पीड़ित खाताधारक अपने पैसों के लिए बैंक का चक्कर लगाने लगे। ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टीनेटी और उसके सहयोगी तेजेंद्र साहू को अपने किए गए फर्जीवाडे के खुलासा होने का अंदेशा होते ही वह दोनों फरार हो गए। जिस पर पीड़ित खाताधारक दर्जनों बार बैंक का चक्कर लगा लगाकर थक हारते हुए कुरूद पुलिस थाने का रुख किया।



#### एक माह बाद पकड़ाया शातिर आरोपी

कुरूद थाना प्रभारी ने पीड़ितों के आवेदन और बैंक डिटेल्स पर काम करते हुए 24 पीड़ित खाताधारकों के खाते से 1 करोड़ 88 लाख रुपए के फर्जीवाड़े का मामला दर्ज कर लिया। जिसके पुलिस ने उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टीनेटी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन तेजेंद्र साहू पूरे एक महीने बाद पुलिस की गिरफ्त में आया।

#### स्पेशल और साइबर टीम से रखी जा रही थी निगाह

कुरूद थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया कि, कुरूद नगर स्थित एचडीएफसी बैंक के 24 पीड़ित खाता धारकों की शिकायत और बैंक प्रबंधन से प्राप्त जानकारी पर दोनों ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत के दौरान से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। जिसमें से मुख्य आरोपी ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टीनेती को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस स्पेशल टीम और साइबर टीम की मदद से दूसरे आदमी पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसे आज घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया है।

### हिंसा की जांच के लिए एक सदस्यीय जांच टीम महकोनी दास गुफा पहुंची

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के गिरोदपुरी धाम में छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग के नाम पर अमर दास गुफा के जैतखाम को क्षति पहुंचाई गई थी। जिसके बाद समाज ने छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता निर्देशक के ऊपर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई गई थी। लेकिन इसके बाद सतनामी समाज ने षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की थी। जिसके बाद सरकार ने रिटायर्ड न्यायाधीश सीबी बाजपेयी की अगुवाई में एक सदस्यीय जांच टीम महकोनी गुफा पहुंच चुकी है। जहां पहुंचते ही उन्होंने जैतखाम के पुजारी से तोड़फोड़ के मामले में बातचीत की। उसके बाद सभी पक्षकारों को सुनवाई का मौका दिया जाएगा।

### गृहमंत्री शाह से सीएम ने की सौजन्य भेंट...



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

### किसान से क्लर्क ने मांगी रिश्वत, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

छग के कोंडागांव जिले में क्लर्क का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में राजस्व विभाग का क्लर्क अर्जुन नेताम 500-500 के कुछ नोट लेते दिख रहा है। वह यह भी कह रहा है कि, साहब लोग डिमांड करते हैं इसलिए लेना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक, एक किसान जमीन का रिकॉर्ड निकालने के लिए फरसगांव तहसील कार्यालय पहुंचा था। इसके लिए क्लर्क ने उससे पैसे मांगे। किसान ने 16 जुलाई को उसे पैसे देते हुए वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि किसान ने पहले यह वीडियो किसी पटवारी को दिया, फिर पटवारियों के ग्रुप में वायरल किया। यहां से वीडियो अधिकारियों के संज्ञान में आया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर कार्य योजना हुई तैयार

# क्षिप्रा के घाट श्रद्धालुओं के लिए बनेंगे सुविधायुक्त, निरंतर बना रहेगा जल-प्रवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा नदी में जल-प्रवाह को निरंतर बनाएं रखने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें बैराजों का निर्माण किया जाएगा। कान्ह नदी के व्यपवर्तन से प्रदूषण को रोका जा सकेगा। क्षिप्रा नदी पर श्रद्धालुओं की स्नान सुविधा के लिए सुविधाजनक घाटों का निर्माण होगा। घाटों के निर्माण में लगने वाले पत्थर और अन्य सामग्री का चयन विशेषज्ञों की ओर से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं को व्यापक अध्ययन और शोध के बाद कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्माण एजेंसियों को हिदायत दी है कि कार्य योजना के सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक किये जाए। ध्यान रखा जाए कि क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो।



#### श्रद्धालुओं को आचमन और स्नान में नहीं होगी कोई असुविधा

क्षिप्रा के जल को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों और क्षिप्रा नदी पर 18 बैराजों का निर्माण इंदौर, उज्जैन और देवास जिले में प्रस्तावित है। इससे सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह बना रहेगा। क्षिप्रा नदी पर स्नान के बेहतर प्रबंध किए जा सकेंगे। कार्य योजना में क्षिप्रा नदी में सेवरखेड़ी बैराज से मानसून के समय जल का उद्वहन करते हुए 51 मिलियन घन मीटर जल, पूर्व निर्मित सिलाखेड़ी जलाशय के विस्तारीकरण से भरे जाने की व्यवस्था की जाएगी। इससे मानसून के अलावा अन्य मौसमों में भी क्षिप्रा नदी में जल निरंतर प्रवाहित होता रहेगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आचमन और स्नान इत्यादि में किसी भी प्रकार की असुविधा नही होगी।

#### इन घाटों पर श्रद्धालुओं को मिलेंगी पर्याप्त सुविधाएं

प्रस्तावित कार्य योजना के अनुसार उज्जैन में शनि मंदिर से वीआईपी घाट तक 1500 मीटर, वीआईपी घाट से जीवनखेड़ी ब्रिज तक 7175 मीटर, जीवनखेड़ी ब्रिज से वाकणकर ब्रिज तक 3810, वाकणकर ब्रिज से गऊघाट स्टॉपडेम तक 2938 मीटर, चक्रतीर्थ से ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज तक 1590 मीटर, भर्तृहरि गुफा और सिद्धवट से नागदा बायपास तक 11442 मीटर और शनि मंदिर से गोठडा बैराज तक 760 मीटर इस तरह कुल लगभग 29 हजार 215 मीटर की लम्बाई में घाटों के निर्माण के कार्य किए जाएंगे।

### अवैध शराब की फैक्ट्री का खुलासा, पुलिस ने की छापामार कार्रवाई, आरोपी फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

छग के बिलाईगढ़ जिले के जंगल में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। यहां बड़ी मात्रा में महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा था। इसकी जानकारी जब आबकारी विभाग को मिली तब आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक ने अपनी टीम के साथ मौके पर छापामार कार्रवाई की, लेकिन इस कार्रवाई की भनक पहले से आरोपियों को लग गई जिसकी वहज से सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक ने बताया कि बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवा क्षेत्र में स्थित ग्राम रनकोट चौकी बेलादुला के जंगल में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना मिली। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छापामार कार्रवाई की गई। घंटों तक चली इस कार्रवाई में दो स्थानों से आबकारी विभाग की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी।

## चिंतन

# संवैधानिक दायरे में ही सरकार आरक्षण लाए

आरक्षण भारतीय राजनीति की नियति बन गई है। सरकार अपनी विफलता छिपाने के लिए आरक्षण को ढाल की तरह इस्तेमाल करती है, चाहे संविधान की धज्जियां ही क्यों न उड़ रही हों। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का निजी नौकरियों में आरक्षण संबंधी फैसला व बाद में इसे रोक कर आगे टालने का निर्णय करना चौंकाने वाला है। कर्नाटक में निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय निवासियों के लिए 50 फीसदी, 75 फीसदी व 100 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक लाने के कांग्रेस सरकार की तैयारी ने सोचने पर मजबूर किया है कि क्या सरकार संवैधानिक दायरे में काम कर रही है? भारत एक सॉफ्टवेयर पावर है तो इसमें योग्य व स्किल्ड कर्मियों का अहम योगदान है। सॉफ्टवेयर क्षेत्र की बेस्ट प्रतिभा को अवसर देने की नीतियों के चलते ही भारत सॉफ्टवेयर का सुपर पावर बना। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली है। जैसा कि सीएम सिद्धरमैया की सरकार ने कहा है कि स्थानीय कन्नड़ लोगों के लिए निजी कंपनियों में अनिवार्य आरक्षण संबंधी विधेयक आने वाले वक्त में कर्नाटक सरकार लेकर आएगी, तो इसका सबसे अधिक प्रभाव बेंगलुरु स्थित सॉफ्टवेयर व बायोटेक कंपनियों पर पड़ेगा। प्रस्तावित बिल का विरोध करने वालों में उनकी सरकार के मंत्री भी है, उद्यमी भी है और नास्कॉम भी है। उद्यमियों ने चेताया है कि तकनीक के क्षेत्र में जो ऊंचा स्थान भारतीय इंडस्ट्री ने पाया है, उस पर इस तरह के बिल का असर नहीं पड़ना चाहिए। नैस्कॉम ने कहा है, तकनीक क्षेत्र जीडीपी में 25 फ़ीसदी की हिस्सेदारी रखता है, ऐसे बिल से इंडस्ट्री की ग्रोथ पर असर होगा। वर्ष 2020 में ऐसा ही एक कानून हरियाणा सरकार भी लाई थी लेकिन उसे पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया था, क्योंकि ये संविधान की धारा 19 का उल्लंघन था। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, झारखंड में भी सीमा से बाहर जाकर आरक्षण देने की कोशिश नाकाम हो चुकी है। कानूनन सभी भारतीयों का डोमिसाइल एक ही है। यह संविधान के अनुच्छेद 5 में परिभाषित है। इसका उल्लंघन देश की अखंडता को खतरे में डालेगा। संविधान का अनुच्छेद 14 समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 15 व 16 जन्म स्थान या निवास स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। 1992 में इंदिरा साहनी मामले में फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया था कि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी। आरक्षण की यही सीमा मूल निवासी आरक्षण में भी होनी चाहिए। 1984 में प्रदीप जैन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा था कि मूल निवासी उम्मीदवारों को कुछ प्राथमिकता दी जा सकती है, लेकिन ये पूरी तरह नहीं हो सकती और इससे गैर-निवासियों को बाहर नहीं रखा जा सकता। 1995 में सुनंदा रेड्डी बनाम आंध्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पीजी मेडिकल कोर्सेस में मूल निवासियों को 100 फीसदी आरक्षण को रद कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण के कारण योग्यता और दक्षता से समझौता नहीं होना चाहिए। इसी तरह 2002 में कैलाश चंद शर्मा बनाम राजस्थान सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में मूल निवासियों को कुछ खास फायदे देने वाले राजस्थान सरकार के फैसले को अमान्य करार दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। कर्नाटक को भी आरक्षण पर फैसला संवैधानिक दायरे में ही करना चाहिए।



उम्मीद
योगेश कुमार गोयल

# पेरिस ओलंपिक में चमकेगा भारत

पेरिस में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज 26 जुलाई को होगा। ओलंपिक खेलों की खास बात यह भी है कि इन खेलों में महिलाओं की भागीदारी भी अब लगातार बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में पहली बार महिलाओं की भागीदारी 1900 में पेरिस ओलंपिक में देखी गई थी, जब ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कुल 997 एथलीटों में से केवल 22 महिलाओं ने ही प्रतिस्पर्धा की थी। यदि पीवी सिंधु भी पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। आशा की जा सकती है कि पेरिस ओलंपिक में भारत और ज्यादा तेजी के साथ चमकेगा और दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा होगा।

छब्बीस जुलाई को पेरिस में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज होने जा रहा है, जो 11 अगस्त तक चलेगा। 33वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी इस बार काफी विशेष होने वाली है, जो ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी नदी पर होगी। दरअसल ओलंपिक खेलों की ओपनिंग सेरेमनी इससे पहले हमेशा किसी विशाल मैदान अथवा स्टेडियम में ही होती रही है लेकिन पहली बार यह भव्य आयोजन पेरिस की सीन नदी पर होगा। पेरिस की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर खेलों के इस महा-उत्सव को और ज्यादा यादगार बनाएगी। 2024 के ओलंपिक खेलों को खास बनाने के लिए पेरिस ने पिछले एक दशक में अनेक विशेष तैयारियां की हैं। फ्रांस की स्पिरिट को दर्शाता पेरिस ओलंपिक का पदक भी बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है, प्रत्येक पदक में एफिल टावर का असली लोहा लगाया गया है। स्वर्ण पदक का वजन 529 ग्राम, रजत पदक का 525 ग्राम और कांस्य पदक का वजन 455 ग्राम है।

2024 के ओलंपिक खेलों की खास बात यह है कि पेरिस ओलंपिक में इस बार कराटे, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल जैसे कुछ खेल ओलंपिक का हिस्सा नहीं होंगे, जो टोक्यो ओलंपिक का हिस्सा थे। इन खेलों को इस बार ओलंपिक से हटा दिया गया है जबकि चार नए खेलों को ओलंपिक में जोड़ा गया है। ब्रेकडांसिंग का ओलंपिक में डेब्यू होगा, वहीं स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग भी ओलंपिक में शामिल हुए हैं। हालांकि पेरिस ओलंपिक में जो चार नए खेल शामिल हुए हैं, उनमें किसी भी भारतीय एथलीट ने क्वालीफाई नहीं किया है। 2024 के ओलंपिक खेलों में कुल 32 खेलों के अंतर्गत 329 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे। ओलंपिक खेलों की खास बात यह भी है कि इन खेलों में महिलाओं की भागीदारी भी अब लगातार बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में पहली बार महिलाओं की भागीदारी 1900 में पेरिस ओलंपिक में देखी गई थी, जब ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कुल 997 एथलीटों में से केवल 22 महिलाओं ने ही पांच खेलों (टेनिस, नौकायन, क्रोकेट, घुड़सवारी और गोल्फ) में प्रतिस्पर्धा की थी। उसके बाद 2012 में लंदन में आयोजित हुए ओलंपिक खेल पहली बार इस मायने में ऐतिहासिक रहे थे, जब महिलाओं ने ओलंपिक में आयोजित प्रत्येक खेल स्पर्धा में भाग लिया था। ओलंपिक खेलों के इतिहास में वह पहला ऐसा मौका था, जब महिलाओं ने किसी भी ओलंपिक के हर खेल में हिस्सा लिया हो। उसके बाद 2016 के रियो ओलंपिक में तो कुल प्रतिभागियों में से करीब 45 प्रतिशत महिला प्रतिभागी थी। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में तो महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। उस ओलंपिक खेल में सभी प्रतिभागियों में करीब 49 प्रतिशत महिलाएं शामिल थी। जहां तक पेरिस ओलंपिक में भारत की बात है तो भारत 26वीं बार ओलंपिक में हिस्सा लेगा। पेरिस ओलंपिक में पिछली बार की तुलना में खिलाड़ियों की संख्या कम हुई है। टोक्यो में हुए ओलंपिक में भारत के 124 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जबकि इस बार




भारत के 118 खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेंगे और पूरी उम्मीद है कि इस बार भारत ओलंपिक में पिछली बार के मुकाबले और ज्यादा पदक हासिल करने में सफल होगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डा. मनसुख मांडविया के मुताबिक पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में भारत के 48 महिला एथलीटों सहित कुल 118 एथलीट भाग ले रहे हैं और इन 118 एथलीटों में से 26 खेलो इंडिया के एथलीट हैं और कुल 72 एथलीट पहली बार ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई हुए हैं।

ओलंपिक के इतिहास में भारत अब तक कुल 35 पदक जीत चुका है, जिनमें 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने पहली बार 1900 में हुए ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टोक्यो ओलंपिक में ही कुल 7 पदक जीते थे। ओलंपिक खेलों के इतिहास में टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा था। तब 121 वर्षों के ओलंपिक इतिहास में जहां भारत को एथलेटिक्स में पहली बार स्वर्ण पदक हासिल हुआ था, वहीं टोक्यो ओलंपिक में भारत ने उस समय तक के सर्वाधिक पदक जीते थे। टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम भले ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकी थी, लेकिन उसने भी जिस जोश और जज्बे के साथ सारे मैच खेले थे, वह भी बेहतरीन था। टोक्यो ओलंपिक इस मायने में भी बेहद खास रहा था कि ओलंपिक की शुरूआत भी भारत ने पहले ही दिन पदक जीतकर की थी और खेलों के आखिरी दिन भी दो पदक जीते थे। आखिरी दिन तो भारत के लिए ऐतिहासिक रहा था, क्योंकि उस दिन भारत ने दो अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर एक नया इतिहास रचा था। भारत का ओलंपिक में सबसे ज्यादा छह पदक जीतने का रिकॉर्ड 2012 के रियो ओलंपिक का था, जबकि टोक्यो ओलंपिक में पिछली बार भारत एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीतने में सफल हुआ था। जैवलिन थ्रो में जब नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था तो समूचे भारत ने एक स्वर में वन्देमातरम का जयघोष किया था। दरअसल ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए भारत में खेलों की दशा और दिशा सुधरने की उम्मीदें बलवती हुई और इस बार भी ओलंपिक में नीरज चोपड़ा सहित कई भारतीय खिलाड़ियों से स्वर्णिम प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। उम्मीद है कि भारतीय एथलीट दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच के पोडियम पर पहुंचने के लिए अपना पूरा दमखम दिखाएंगे और भारत की झोली पदकों से भर देंगे।

भारत को नीरज चोपड़ा के अलावा अपने 21 सदस्यीय निशानेबाजी दल, पुरुष हॉकी टीम, सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स बैडमिंटन जोड़ी, दो बार की मुक्केबाजी विश्व चैंपियन निकहत जरीन, बॉक्सिंग में लवलीना बोरगोहेन, कुश्ती में विनेश फोगाट, बैडमिंटन में 2016 के रियो ओलंपिक में रजत और 2020 के टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुकी पीवी सिंधु, भारोत्तोलन में मीराबाई चानू, शूटिंग में सिफ्त कौर समरा, गोल्फ में अदिति अशोक से पदक जीतने की प्रबल उम्मीदें हैं। यदि भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल हो जाते हैं तो वे ओलंपिक में लगातार दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन जाएंगे। इसी प्रकार यदि पीवी सिंधु भी पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। कुल 8 बार स्वर्ण पदक और 1960 में रजत पदक जीत चुकी भारतीय हॉकी से भी भारत को पेरिस ओलंपिक में बहुत उम्मीदें हैं। बहरहाल, अपनी असाधारण प्रतिभा और करोड़ों भारतीयों की दुआओं के साथ ओलंपिक में हिस्सा लेने पेरिस जा रहे भारतीय एथलीटों से पूरे देश को बड़ी उम्मीदें हैं। आशा की जा सकती है कि पेरिस ओलंपिक में भारत और ज्यादा तेजी के साथ चमकेगा और पूरी दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दरकार
अरविंद जयतिलक



# सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हो

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराए। निःसंदेह सरकार द्वारा अपने नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की ढेरों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण इसे विस्तार देने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा का अभिप्राय ऐसी सभी सेवाओं, साधनों और सुविधाओं से है जो नागरिकों को दी जाती है जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होता है। सामाजिक सुरक्षा श्रम कल्याण का एक मुख्य संघटक है और उसे निरंतर विकास प्रक्रिया के एक अंग के रूप में देखा जाता है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैये के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन्न करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन्न जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है, इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तदनुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गयी है। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है। भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कामगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू कर दिया है। एक अरसे से श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम लागू करने की मांग की जाती रही जिसे सरकार ने 2005 के मध्य में लागू कर दिया। हालांकि इस योजना में काफी भ्रष्टाचार की बात उठती है फिर भी यह योजना प्रभावकारी साबित हुई है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। राज्यों के अंतरगत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। इन परिवारों को गेहूं और चावल दिया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के तहत सरकार ने राष्ट्रीय आवास नीति 1992 संसद में प्रस्तुत की। अगस्त 1994 में संसद ने इसका अनुमोदन कर दिया। राष्ट्रीय आवास नीति का प्रमुख लक्ष्य आवासहीन व्यक्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराना है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है। बेहतर होगा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा का दायरा का विस्तार करे जिससे सर्वाधिक नागरिकों का कल्याण हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## बहुत सारे काम के बदले एक काम को बेहतर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरीका में नेताओं के प्रति बढ़ती नाराजगी

हाल ही में अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ है। इसमें वो बाल बाल बच गए। सारी दुनिया ने इस हमले की घोर निंदा की है। इस हमले की वजह क्या रही, इसकी सच्चाई जांच से ही पता चलेगा, लेकिन ट्रंप पर हुए हमले ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सुरक्षा की पोल खोल दी। वहां की खुफिया एजेंसियों की नाकामी भी सामने आ गई है। अमरीका को इस हमले से सबक लेना चाहिए कि उसके यहां सुरक्षा व्यवस्था लचर है। इनसान को अपनी धन, दौलत, कुर्सी या सत्ता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए और न ही अहंकारवश दूसरों को नासमझ और खुद को समझदार समझना चाहिए। यह घटना अमरीका में राजनेताओं के प्रति बढ़ती नाराजगी का प्रमाण है। – *सुयश देशकर, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### आतंकवाद अधिनियम खत्म करे श्रीलंका :ह्यूमन राइट्स

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने श्रीलंका से आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) को समाप्त करने का आग्रह करते हुये दावा किया है कि द्वीपीय राष्ट्र ने विश्वसनीय साक्ष्यों के बिना कथित विरोधियों और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया है। न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार समूह ने अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ से भी आग्रह किया है कि वे श्रीलंका पर इस कानून को समाप्त करने के लिए दबाव डालें, जिसे उसने इसे खत्म करने का बार-बार वादा किया लेकिन इस पर अमल नहीं कर सका है। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'जहां कुछ पीड़ितों को कई सालों तक मनमाने ढंग से हिरासत में रखा गया और यातनाएं दी गईं, वहीं अन्य को उनके खिलाफ मामला समाप्त होने के बाद भी सताया गया।' संगठन की ओर से बयान जारी करने के बारे में किसी भी तात्कालिक कारण का उल्लेख नहीं है। एचआरडब्ल्यू की उप एशिया निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने कहा, 'श्रीलंका का व्यापक घरेलू सुरक्षा तंत्र नियमित रूप से निर्दोष लोगों को निशाना बनाने, आलोचकों को चुप कराने और अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करने के लिए इस कानून का इस्तेमाल करता रहा है।'



## ऑफ बीट

### सदी पुराने सर्पदंश के उपचार में जल्द आ सकती है क्रांति

अनेक कोबरा सांप ऊतकों को नष्ट करने वाले जहर से युक्त होते हैं और उनका इलाज मौजूदा 'एंटीवेनम' से नहीं किया जा सकता। हमने सस्ते और खून को पतला करने की दवा की खोज की है जिसका इस्तेमाल इन विष के असर को कम करने में किया जा सकता है। सीआरआईएसपीआर जीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हमने कोशिकाओं पर इस विष के प्रभाव करने के तरीके के बारे में जाना है और पाया है कि सामान्य दवा श्रेणी में आने वाली 'हेपरिनोइड्स' कोशिकाओं को इस जहर से बचा सकती है। सर्पदंश गंभीर समस्या सांप का जहर कई अलग-अलग यौगिकों से बना होता है। आम तौर पर यह हृदय, तंत्रिका तंत्र या काटने के स्थान पर ऊतकों (त्वचा एवं मांसपेशियों के) को नुकसान पहुंचाता है। मौजूदा समय में सर्पदंश का एकमात्र इलाज एंटीवेनम है। इस दवा को तैयार करने के लिए पहले जानवर के शरीर में जहर की थोड़ी मात्रा पहुंचाई जाती है और उससे तैयार एंटीबॉडी से दवा बनाई जाती है। एंटीवेनम जिंदगियां तो बचाती है लेकिन इसके कई नकारात्मक पहलू भी हैं। प्रत्येक एंटीवेनम किसी खास प्रजाति या एक से अधिक प्रजाति के सांप के काटने पर कारगर होता है।



## ट्रेंड

### विरासत का सम्मान करें



नेल्सन मंडेला की करुणा और शांति के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा एक गहरी व्यक्तिगत प्रेरणा रही है। मंडेला दिवस, आइए उनकी विरासत का सम्मान करें और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने की दिशा में अपना हाथ बढ़ाएं।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### ऐसी विचारधारा को दूर रखना



कांवड़ यात्रा के रूट पर फल-सब्जी विक्रेताओं व रेस्टोरेंट मालिकों को बोर्ड पर अपना नाम लिखना होगा। ये तय करने वाले कि कौन क्या खाएगा, अब ये भी तय करेंगे कि कौन किससे खरीदेगा? हमें ऐसी विचारधारा को खुद से दूर रखना होगा।
-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

### इंजन को बदलेगी जनता



हरियाणा के लोगों को आम आदमी पार्टी से उम्मीद है। हमने दिल्ली और पंजाब में काम करके दिखाया है। दिल्ली के काम की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। हरियाणा के हाल को बदलने के लिए इस बार जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी और खट्टर-सैनी के इंजन को बदलेगी।
-संजय सिंह, आप नेता

### अफसोस मत करो



मेरे गुरु मुझसे कहते हैं, "यदि आप 38 वर्ष के हैं तो दोबारा 18 वर्ष का न होने का अफसोस मत करो। इसके बजाय, कल्पना करें कि आप 90 साल के हैं और 38 साल की उम्र में जागकर अगले 50 साल जीने के लिए उत्साहित हैं।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बिजली निगमों ने निर्धारित लक्ष्य से 2 साल पहले अर्जित किया लाभ, मुनाफे में रही कंपनियां


# 2014 में हरियाणा के मात्र 105 गांवों को मिलती थी 24 घंटे बिजली, अब यह तादाद बढ़कर हुई 5816: मनोहर लाल

### डीजीपी हरियाणा की पुस्तक 'वायर्ड फॉर सक्सेस' का मंत्री खट्टर ने किया लोकार्पण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नई दिल्ली स्थित नए महाराष्ट्र सदन में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा लिखित पुस्तक 'वायर्ड फॉर सक्सेस' का लोकार्पण किया। इस मौके पर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डीके शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। यह पुस्तक हरियाणा में बिजली सुधारों की दिशा में किए गए प्रयासों पर आधारित है जिसका समाज के सभी वर्गों व अन्य राज्यों के बिजली वितरण निगमो को भी बड़े पैमाने पर लाभ होगा।

मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 2014 में जब उन्होंने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला, उस समय हरियाणा में बिजली कंपनियों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी और इसमें सुधार के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत थी। उस समय केवल प्रदेश के 105 गांवों में 24 घंटे बिजली दी जाती थी, और 7000 करोड़ से अधिक के बकाया बिल थे। पुराने बिजली बिल भरवाने के लिए कोई योजना




नहीं थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल न भरना लगभग एक प्रथा बन गई थी, लेकिन हमने इस व्यवस्था को बदल दिया। खट्टर ने कहा कि राजनीतिक नेताओं में कठोर निर्णय लेने की प्रवृत्ति नहीं होती, लेकिन उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ बिजली सुधार के कदम उठाए। निर्णय लिया कि जो गांव बिजली के बिल भरेंगे, उन्हें 24 घंटे बिजली दी जाएगी। जनसभाओं के माध्यम से लोगों को बिजली के बिल भरने की अपील की और बिल सेटलमेंट योजना चलाई गई। परिणामस्वरूप आज हरियाणा में 5800 से अधिक गांवों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। पुस्तक हरियाणा बिजली वितरण कंपनियों की अभूतपूर्व कहानी पर आधारित है। पुलिस महानिदेशक कपूर ने कहा कि वर्ष-2016 में सीएमडी नियुक्त किए जाने पर इस यात्रा में एक बड़ी चुनौती थी 'वर्क कल्चर को बदलना'। इसके लिए मेरिट बैस्ड ट्रांसफर पॉलिसी बनाई गई और उसे सख्ती से लागू किया। बिजली चोरी को रोकने के लिए एक नई एसओपी बनाई और उसे प्रभावी तरीके से लागू किया। डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को भी अपग्रेड किया गया। प्रदेश में 17 लाख से ज्यादा नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए। 7000 करोड़ रके बकाया बिलों के भुगतान को बिल सेटलमेंट स्कीम लाकर ऐसे डिस्कनेक्ट कंज्यूमर्स को फिर से मुख्यधारा में लाने का काम किया गया। 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना का परिणाम यह रहा कि रूरल फीडरों पर जहां घाटा 70 से 80 प्रतिशत तक था वह घटकर 20 से 25 प्रतिशत तक आ गया।

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में होमस्टे की बुकिंग का पोर्टल लॉन्च



**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने होमस्टे की बुकिंग के लिए ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल लॉन्च किया है। बुकिंग अब वेबसाइट पर की जा सकती है। राज्य पर्यटन विभाग की यह प्रथम ऐसी पहल है। अब होमस्टे के मालिक जानकारी प्रदान करके एक समझौते पर हस्ताक्षर कर होमस्टे को पोर्टल पर बुकिंग के लिए पंजीकृत कर सकते हैं।

### ट्रेनी आईएएस पूजा की मां पुणे में गिरफ्तार



**पुणे।** आईएएस पूजा खेडकर की नियुक्ति को लेकर देशभर में घमासान मचा हुआ है। अब इस मामले में एक और नया पहलू सामने आया है। पूजा के बाद अब उनके माता-पिता मुश्किलों में घिर गए हैं। उनकी मां मनोरमा को गुरुवार सुबह पुणे पुलिस ने हिरासत में लिया। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसान को धमकी देने का आरोप लगा है।

### नशीली दवाओं का 51.4 करोड़ का सामान जब्त



**सूरत।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते ने सूरत शहर के बाहरी इलाके में एक 'मेफेड्रोन' (मादक पदार्थ) निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। 4 किलोग्राम मेफेड्रोन और 31.4 किलोग्राम कच्चा माल बरामद किया गया। एटीएस ने कहा कि सुनील, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया है।

### खेलो इंडिया-2 का उद्घाटन करेंगे मांडविया



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के साथ ही सरकार के महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में नए सिरे से बढ़ावा मिलने वाला है। वे शुक्रवार को नई दिल्ली में इस पहल के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे।

### राजस्थान के नया 'डॉन' का 3 मंजिला बंगला ध्वस्त



**भरतपुर।** राजस्थान के डीग जिले में पुलिस ने एक साइबर क्राइम के आरोपी दाऊद खान के घर पर बुलडोजर चला दिया है। दाऊद पर कोटा और डीग जिलों में साइबर ठगी के तीन मामले दर्ज हैं और वह काफी समय से फरार था। पुलिस ने उसके खिलाफ ऑपरेशन 'एंटी वायरस' के तहत यह कार्रवाई की है। दाऊद पुत्र निसार रायपुर सुकेती गांव का रहने वाला है।

## उत्तर प्रदेश में उप-चुनाव में सभी 10 सीटें जीतने की मशक्कत

# योगी सरकार ने 30 मंत्रियों को मैदान में उतारा, 3-3 विस क्षेत्रों की दी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

### लोक सभा चुनाव के बाद भाजपा नहीं छोड़ना चाहती कोई कसर

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से झटका खाने के बाद विधानसभा उपचुनाव में भाजपा किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहती है। उपचुनाव वाली सभी 10 सीटों को जीतने के लिए भाजपा रणनीति तैयार कर रही है। बड़ी तैयारी भी कर ली है।

सभी 10 सीटों पर योगी सरकार के 30 मंत्रियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनमें 14 कैबिनेट और 16 राज्यमंत्री हैं। अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई मैनपुरी की करहल और अवधेश प्रसाद के इस्तीफे से खाली हुई अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर 4-4मंत्रियों को मैदान में उतारा गया है। उपचुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है।



#### *योगी ने रणनीति पर चर्चा की*

*कुछ सीटों पर 4 मंत्रियों को भी जिम्मेदारी मिली है। इन मंत्रियों के साथ योगी ने बैठक में रणनीति पर चर्चा की, हालांकि अभी तक उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि अगले महीने इन सीटों पर चुनाव हो सकता है।*

#### किस सीट पर किसे दी जिम्मेदारी

- करहल: इस सीट पर जयवीर सिंह और योगेंद्र उपाध्याय के साथ राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह को उतारा गया है।
- मिल्कीपुर: इस सीट पर कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही के साथ राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, गिरीश यादव और सतीश शर्मा कुल 4 मंत्रियों को जिम्मेदारी मिली है।
- मीरापुर: मीरापुर सीट पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के साथ केपी मलिक को जिम्मेदारी दी है।
- कुंदरकी: यहां कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ तीन राज्य मंत्रियों जेपीएस राठौर, जसवंत सैनी, गुलाबदेवी को जिम्मा दिया गया है।
- गाजियाबाद:कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ बृजेश सिंह और कपिलदेव अग्रवाल को जिम्मेदारी मिली है।
- खैर: कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के साथ संदीप सिंह को लगाया गया है।
- फूलपुर: कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह को जिम्मेदारी मिली है।
- कटेहरी: कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और संजय निषाद , दयाशंकर मिश्र को जिम्मा मिला।
- मझवां: कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल ,रविंद्र जासवाल और रामकेश निषाद ।
- शीशामऊ: कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के साथ राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल को जिम्मा मिला है।

### अखिलेश का 'मानसून ऑफर'

#### 100 को लाओ और सरकार बनाओ



यहां भाजपा में घमासान के बीच अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य की भूमिका को लेकर चुटकी ली है। यादव ने पोस्ट कर कहा, 'मानसून ऑफर: सौ लाओ, सरकार बनाओ!' यादव ने किसी भी भाजपा नेता का नाम नहीं लिया है लेकिन माना जा रहा है कि ये पोस्ट भाजपा के पिछड़ों के नेता कहे जाने वाले क मौर्य के लिए ही है। मौर्य लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से कई बार दिल्ली के चक्कर लगा चुके हैं।

#### *भाजपा में चल रही कुर्सी की लड़ाई*

*यादव ने पोस्ट कर कहा कि यूपी भाजपा में कुर्सी की लड़ाई चल रही है। इस वजह से उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम बीजेपी दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है, इसीलिए बीजेपी अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।*

#### यूपी में नहीं होगी गुंडाराज की वापसी: मौर्य



इससे पहले मंगलवार को केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख पर निशाना साधा था।मौर्य ने कहा था कि अखिलेश ,भाजपा की देश और प्रदेश दोनों जगह मजबूत संगठन और सरकार है। सपा का पीडीए धोखा है। यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 दोहराएगी।

## 'जलवायु अनुकूल वर्षा सिंचित कृषि'

# भूमिहीन, किसानों के विकास हेतु सुधारों का आह्वान किया




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण (एनआरएए) ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में 'जलवायु अनुकूल वर्षा सिंचित कृषि (सीआरआरए)' पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अपर सचिव और सीईओ (एनआरएए) फैज अहमद किदवई ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उपमहानिदेशक (एनआरएम) डॉ. एस. के. चौधरी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव (वर्षा आधारित कृषि प्रणाली) फ्रैंकलिन एल खोबंग और राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ (जल प्रबंधन) बी रथ की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। किदवई ने ऐसे नीतिगत सुधारों का आह्वान किया, जो वर्षा सिंचित क्षेत्रों में भूमिहीन, छोटे और सीमांत किसानों के विकास को प्राथमिकता देते हैं। वर्षा सिंचित क्षेत्र चरम जलवायु घटनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए उन्होंने वर्षा सिंचित कृषि में जलवायु लचीलापन बनाने के लिए कुछ नवाचारी और प्रौद्योगिकी संचालित कृषि पद्धतियों पर बल दिया। कार्यशाला ने राज्य और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों, कृषि विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को जलवायु लचीलापन दृष्टिकोण अपनाकर वर्षा सिंचित क्षेत्रों में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए नवाचारी रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। डॉ. एस के चौधरी ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को रेखांकित किया।

उन्होंने एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से विभिन्न कृषि-इकोसिस्टम में वितरित वर्षा सिंचित क्षेत्रों के समावेशी विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में वर्षा सिंचित क्षेत्रों में एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) और पशुधन तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की जटिलताओं पर फोकस किया गया। जलवायु अनुकूल वर्षा सिंचित कृषि के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें परिदृश्य आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली, वाटरशेड विकास, डिजिटल पूर्वानुमान तकनीक, चरागाह मार्गों का पुनरुद्धार और देश में स्थायी कृषि को बढ़ाने के लिए आर्थिक साक्ष्य तैयार करना शामिल है।

### पीएम मोदी के विरुद्ध विपक्ष द्वारा हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा का प्रयोग निंदनीय: भाजपा

# राहुल नेता प्रतिपक्ष बने हैं, तो उन्हें उद्दंडता के बजाय, परिपक्वता का करना चाहिए प्रदर्शन




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा का प्रयोग निरंतर किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि मौत और हिंसा जैसे शब्दों का प्रयोग किसी भी राजनैतिक पार्टी के बयानों में नहीं होना चाहिए। पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बने हैं, तो उत्साह से उद्दंडता की ओर जाने की जगह उन्हें परिपक्वता का प्रदर्शन करना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्र में एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने वर्तमान समय में विश्व में हो रही गतिविधियों और इससे भारत पर पड़ने वाले प्रभावों पर एक लेख लिखा है। लगभग एक से डेढ़ वर्ष पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो ऐबे जी की एक राजनैतिक कार्यक्रम में हत्या हुई थी और अभी कुछ दिन पहले ही अमेरिका में राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी पर भी जानलेवा हमला हुआ, जिससे वह बाल-बल बचे हैं। इस प्रकार की प्रवृत्तियां जो हिंसा और हत्या को बढ़ावा देती हैं, यह उन सभी बयानों से प्रेरित होती है, जहां राजनैतिक दल अपने तात्कालिक राजनैतिक स्वार्थ के लिए हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। चिंताजनक बात यह है की प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा पर प्रयोग निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आम चुनाव के दौरान और विगत वर्ष में अपमानजनक शैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए मारना, डंडा मारना, इत्यादि जैसे शब्दों का प्रयोग किया और कहा है कि काफिले पर कुछ फेंका गया, तो कुछ और भी फेंका जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि दो वर्ष पहले प्रधानमंत्री मोदी पंजाब दौरे पर थे, तब सुरक्षा घेरे को तोड़कर प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए एक बेहद खतरनाक स्थिति उत्पन्न की गयी थी। भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट रूप से कहती है कि मौत और हिंसा जैसे शब्दों का प्रयोग किसी भी राजनैतिक पार्टी के बयानों में नहीं होना चाहिए।

### लोकसभा चुनाव परिणाम से बढ़ा दोनों पार्टियों का हौसला

# कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विधान सभा उप चुनाव, सीटों का बंटवारा भी निर्धारित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में जिस तरह से राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी ने कमाल किया। उसके बाद यूपी के लड़कों की इस जोड़ी के हौसले काफी बुलंद हैं।

यही वजह है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस ने रणनीति अभी से तैयार करनी शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो कांग्रेस और सपा के बीच आगामी उपचुनाव चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। ऐसे में 10 में से 7 सीटों पर सपा चुनाव लड़ सकती है जबकि कांग्रेस 3 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी।

### 10 में से 7 सीटों पर सपा के लड़ने की खबर



#### *कांग्रेस ने भी की पुष्टि*

*कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि सपा और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। संसद सत्र के खत्म होने के बाद दोनों दलों के शीर्ष नेता आपस में मिलेंगे और सीटों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में भी सपा के लिए कुछ सीटें छोड़ सकती है।जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है उसमें से 5 सीटों पर पहले सपा, 3 पर भाजपा और 1-1 पर आरएलडी और निषाद पार्टी का कब्जा था, लेकिन अब चुनाव होने जा रहा है।*

### छग के मुख्यमंत्री साय ने पूर्व सीएम बघेल पर किया करारा हमला

# भ्रष्टाचार में लिप्त थी भूपेश सरकार, जनता ने की विदाई



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर करारा हमला करते हुए कहा कि महादेव एप घोटाले में उनका नाम आ रहा है, नान घोटाले में जांच की तपिश उनकी ओर बढ़ रही है, कांग्रेस की तत्कालीन सरकार भ्रष्टाचार में ऐसी लिप्त हुई कि राज्य की जनता ने उनकी विदाई तय कर दी। उन्होंने कहा, पहले महुआ से केवल शराब बनाने का काम होता था, अब वन वासियों को महुआ से अंचार, लड्डू अन्य खाद्य पदार्थ बनाने का प्रशिक्षण देकर भाजपा सरकार आदिवासियों को रोजगार उपलब्ध करा रही है।

भारत प्रकाशन के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवाल का जवाब दिया। एक सवाल के जवाब में राज्य में उद्योग स्थापित करने की चाह रखने वाले उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए कहा, राज्य के लोगों को उन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर रोजगार परक बनाने में योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, सभी को नौकरी तो नहीं मिल सकती। मगर, सभी को रोजगार के लायक तो बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में एक उद्योगपति उनसे मिलने आए। वे राज्य में उद्योग लगाना चाहते हैं। उन्होंने वादा किया कि पांच हज़ार युवाओं को वे रोजगार के लिए प्रशिक्षित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि ऐसे सहयोग से हम उद्योग लगाने के साथ स्थानीय युवाओं को उस उद्योग में काम करने लायक बना सकेंगे। अलग से अगर वे चाहें, रोजगार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्वावलंबन बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार प्रयासरत है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा मात्र सौ दिनों के अल्प समय में विकास के हर मानक पर राज्य की सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारेंटी पर भरोसा कर सूबे में भाजपा सरकार को स्थापित किया है इसलिए मैं राज्य की जनता को यकीन दिलाता हूं कि न सिर्फ मोदी जी की दी हुई हर एक गारंटी पूरी होगी, बल्कि राज्य के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, गरीब, आदिवासी, पिछड़े सब एक साथ मिलकर छत्तीसगढ़ को एक खुशहाल राज्य बनाने में जरूर मदद करेंगे। इस अवसर पर संघ के मुखपत्र पांचजन्य अखबार की ओर से प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी समेत अन्य लोगों को उनके क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित भी कराया गया।

### 5 पन्नों के सुसाइड नोट में खुलासा

# बंदरिया बोलकर उड़ाते थे मजाक,बैंककर्मी ने दी जान



■ बैंक सहकर्मी ही आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** यहां एक प्राइवेट बैंक में मजाक उड़ाए जाने से दुखी एक रिलेशनशिप मैनेजर ने खुदकुशी कर ली है। मौत से पहले उसने पांच पन्नों के सुसाइड नोट में बताया कि किस तरह उसे परेशान किया जा रहा था। दुखी होकर उसने इस्तीफा भी दिया था लेकिन इसे नामंजूर करते हुए टर्मिनेट कर दिया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद अकरम को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र के घूकना स्थित हरी नगर में रहने वाली शिवानी ने 12 जुलाई को जहर खाकर खुदकुशी कर ली। उसने 5पन्नों का सुसाइड नोट भी लिखा। अक्टूबर 2023 में बैंक में नौकरी जॉइन करने वाली शिवानी ने नोट में लिखा, पिछले 5-6 महीने से ज्योति चौहान मुझे बहुत ज्यादा परेशान कर रही हैं। मैंने सुपरवाइजर मोहम्मद अकरम से शिकायत की थी। ज्योति चौहान कभी मुझे डायवोर्सी (तलाकशुदा) बोलती है तो कभी बंदरिया बोलती है। कभी बोलती है- ये दिमाग से पागल है।

## खबर संक्षेप

### सोने में लगातार तेजी 700 रुपए और मजबूत



**नई दिल्ली।** ताजा घरेलू मांग के साथ साथ रुपये में अवमूल्यन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### हैवेल्स इंडिया के लाभ में 42 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** हैवेल्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष (2024-25) की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत के उछाल के साथ 407.51 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि शुद्ध लाभ में यह बढ़त चिलचिलाती गर्मी के कारण उसके उपकरणों की बिक्री में मजबूत वृद्धि से हुई।

### विप्रो यूके ने विप्रो सर्विसेज यूके को पूरी हिस्सेदारी दी



**नई दिल्ली।** विप्रो होल्डिंग्स (यूके) ने विप्रो फाइनेंशियल आउटसोर्सिंग सर्विसेज लिमिटेड में अपनी पूरी शेयरधारिता विप्रो आईटी सर्विसेज यूके सोसाइटास को हस्तांतरित कर दी है। सरल बनाने के प्रयासों के तहत उठाया गया है।

# भविष ने पिचई को दी ऐसी टक्कर, गूगल को 70 फीसदी घटानी पड़ी कीमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओला के सीईओ भविष अग्रवाल इन दिनों विदेशी टेक कंपनियों को लेकर हमलावर बने हुए हैं। उन्होंने इनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से तक कर दी थी।

■ इंडियन डेवलपर्स से ओला मैप्स का फ्री इस्तेमाल करने कहा

साथ ही ओला ने गूगल मैप्स की सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर ओला मैप्स का प्रयोग शुरू कर दिया था। सीईओ अग्रवाल ने इंडियन डेवलपर्स से अपील की थी कि वह ओला मैप्स का फ्री में इस्तेमाल कर सकते हैं। भविष अग्रवाल के इस हमले से गूगल के सीईओ सुंदर पिचई को बड़ा झटका लगा और कंपनी ने गूगल मैप्स सर्विस की कीमत में 70 फीसदी की बड़ी कटौती कर दी है। नई कीमत 1 अगस्त से लागू होगी।

## ओला ने गूगल मैप्स की सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर दिया

### ओला मैप्स से गूगल मैप्स को दे रहे चुनौती

इससे पहले भविष अग्रवाल ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कृत्रिम के जरिए मैपिंग और लोकेशन बेस्ड सर्विस ओला मैप्स एपीआई लांच की थी। साथ ही डेवलपर्स से आग्रह किया था कि वह एक साल तक इन सेवाओं का फ्री इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया था कि कृत्रिम के जरिए इंडिया फर्स्ट को ध्यान में रखते हुए सेवाएं लांच की जाएंगी। इसके अलावा ओला कैब्स में भी अब ओला मैप्स का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। भविष अग्रवाल ने बताया था कि यह कदम उठाकर कंपनी को 100 करोड़ रुपए सालाना बचाने में मदद मिलेगी।



भविष अग्रवाल



सुंदर पिचई

### रुपए में पेमेंट होगा स्वीकार

साथ ही बताया कि वह भारतीय रुपए में भी पेमेंट स्वीकार करेगी। अभी तक आपको डॉलर में ही भुगतान करना पड़ता है। कंपनी ने कहा कि गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म की सस्ती सर्विस की मदद से भारत के डेवलपर्स को लोकेशन बेस्ड सर्विस बनाने में आसानी होगी।

### गूगल 90 फीसदी तक देगी डिस्काउंट

इसके साथ ही गूगल ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स से पार्टनरशिप करने का ऐलान भी किया है। कंपनी ने बताया कि ओएनडीसी पर काम कर रहे डेवलपर्स को 90 फीसदी तक डिस्काउंट दिया जाएगा। कंपनी ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की।

*नए रेट का फायदा सिर्फ इंडियन कस्टमर को : गूगल ने बताया कि नए रेट का फायदा सिर्फ इंडिया के कस्टमर को मिलेगा। कंपनी सख्ती से इसकी जांच करेगी कि सस्ती कीमतों का फायदा सिर्फ इंडिया के लोग ही उठा सकें। एक अगस्त ने इनकी बिलिंग भी रुपए में की जाने लगेगी। फिलहाल जो जियोकोडिंग एपीआई 5 डॉलर के रेट में मिल रही थी, वह अब 1. 50 डॉलर में ही मिल जाएगी।*

## विशेषज्ञों ने बजट से पहले अपने सुझाव में कहा

# एमएसएमई के लिए मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा दोगुनी करे सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*देश में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने के साथ कर प्रोत्साहन देने की जरूरत है। साथ ही लागत में कटौती और उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा देने आवश्यकता है।*

विशेषज्ञों ने बजट से पहले अपने सुझाव में कही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। बजट को लेकर उम्मीदों पर, फिनकैप के मुख्य कारोबार अधिकारी (खुदरा और एमएसएमई) नवीन सैनी ने कहा कि सरकार संभवतः एमएसएमई के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने, उनके विकास को बढ़ावा देने के अपने एजेंडा को जारी रखेगी।

### क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाने पर विचार

सैनी ने कहा, 'इसे हासिल करने के लिए, उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत कर्ज सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने और एमएसएमई के लिए असुरक्षित माने जाने वाले ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने पर विचार करना चाहिए।'

### एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़

सैनी ने कहा, 'ये उपाय एमएसएमई को आवश्यक वित्तीय संसाधनों तक अधिक पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे वे आगे बढ़ सकेंगे और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।' भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने कहा, एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तक पहुंच आसान

सरकार को इस क्षेत्र के लिए सहायक नीतियां पेश करना महत्वपूर्ण है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं के लिए पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम), सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से वित्त तक आसान पहुंच शामिल हो।




- कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपए की जाए
- उद्यमों को कर प्रोत्साहन देने की जरूरत
- कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा देने की आवश्यकता

### एमएसएमई आईपीआर सृजित करने पर केंद्रित

सैटनैव टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित प्रसाद ने कहा कि जो एमएसएमई आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) सृजित करने पर केंद्रित हैं।

### विनिर्माण इकाइयों के लिए कर प्रोत्साहन जरूरी

वेंकटेशन ने कहा, 'इसके अलावा, उन विनिर्माण इकाइयों के लिए कर प्रोत्साहन की जरूरत है जिनका सालाना कारोबार एक करोड़ रुपये से कम है। साथ ही लागत में कटौती और अपने उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा भी दिये जाने की आवश्यकता है।'

### नए कारोबार को विकास का लक्ष्य देना होगा

प्रसाद ने कहा, 'आईपीआर आधारित संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें नये कारोबार के विकास को लक्ष्य देना हमारे देश के लिए उल्लेखनीय कदम साबित हो सकता है...।'

## उत्तर रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन (एनआरपीओए) के सौजन्य से इको पार्क, सैन मार्टिन मार्ग, नई दिल्ली में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोभन चौधरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी को योगदान करने की अपील की। महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है और हम सबको मिलकर इसके लिए प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में अजय कुमार सिंघल, अपर महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर उपस्थित पर्यावरणविद् रोबिन सिंह, सुंदरम तिवारी एवं अन्य पर्यावरण बंधुओं ने अपने अनुभव साझा किए और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। रोबिन सिंह ने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर ही हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की कल्पना कर सकते हैं। सुंदरम तिवारी ने कहा, हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आज के इस विशेष दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाते हुए, उत्तर रेलवे के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलयात्रियों के बीच 'पर्यावरण जनभागीदारी जागरूकता अभियान' का भी शुभारंभ किया गया।

## यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने प्रमुख ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर कायम रखा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर यथावत रखा है। बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड और ब्याज दर निर्धारण समिति ब्याज दर को घटाने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि महंगाई दर पूरी तरह नियंत्रण में हो। इस तरह ईसीबी की प्रमुख ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर कायम रहेगी। यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, 'घरेलू महंगाई अभी ऊंचे स्तर पर है, कुल मुद्रास्फीति के अगले साल तक लक्ष्य से ऊपर रहने की संभावना है।' यूरोप में कम ब्याज दरों की उम्मीद कर रहे घर खरीदारों और कारोबारियों को सस्ते कर्ज के लिए कम से कम सितंबर में होने वाली बैंक की बैठक तक और संभवतः उससे भी ज्यादा इंतजार करना होगा। फिलहाल ईसीबी का रुख अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रुख से मिलता-जुलता है।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1 ) 344055172 TLPT1109CH
REG. NO. HR55AL0265-YOM- 2021
MINIMUM RESERVE PRICE-494954.048
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 03-08-2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि ।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## छोटी कटेली टीबी की रोकथाम में प्रभावशाली

**हरिद्वार।** तपेदिक यानि टीबी एक बैक्टीरिया से होती है जो मनुष्य के फेफड़ों पर असर डालती है। ज्ञातव्य है कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो संक्रमित व्यक्ति के खाँसने, छींकने और थूकने से फैलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में इस बीमारी से दुनिया में लगभग 1 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित थे। यह एक ठीक होने वाली बीमारी होने के बावजूद बहुत से लोग इसकी वजह से काल के गाल में समा जाते हैं। यह बीमारी दुनिया के लगभग सभी देशों में फैली हुई है और भारत में भी वर्ष 1962 से ही इसकी रोकथाम के लिए सरकारी योजना चल रही है जिसमें रोगियों के लिए निःशुल्क दवाईयाँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वर्तमान में टीबी के इलाज के लिए प्रयोग होने वाली दवाईयों में लिमिटेड बायो अवेलिबिलिटी होने के कारण बैक्टीरिया, प्रायः एक या एक से अधिक दवाओं के प्रति रेसिस्टेंट हो जाते हैं। इसके अलावा लंबे समय तक इन दवाओं के सेवन से हीपोटोटोक्सिटी की संभावना बनी रहती है। अतः नई टीबी दवाओं या सहायक उपचार की आवश्यकता है जो इलाज को और अधिक प्रभावी बना सके। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि योगपीठ के लिए यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि अब इस अनुसंधान को सूक्ष्म जीव विज्ञान के विश्व प्रसिद्ध जर्नल 'फ्रन्टियर्स इन माइक्रोबॉयलॉजी' में स्थान मिला है।



## आईटी दिग्गज इंफोसिस का मुनाफा 7.1 फीसदी बढ़ा

**बेंगलुरु।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.1 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को भी बढ़ा दिया है। इन्फोसिस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये रहा है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,945 करोड़ रुपये था। हालांकि, तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घटा है। इससे पिछली मार्च तिमाही में कंपनी ने 7,969 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष के लिए कंपनी ने स्थिर मुद्रा में अपनी आमदनी में बढ़ोतरी के अनुमान को एक-तीन से बढ़ाकर तीन-चार प्रतिशत कर दिया है। कंपनी पूरे साल के दौरान वृद्धि के अनुसार 15,000-20,000 नए लोगों को नियुक्ति करेगी।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# बीएमडब्ल्यू का पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर जल्द होगा लांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मन ऑटो कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटरार्ड इंडियन मार्केट में अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच करने वाली है। ये कंपनी का पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, जिसमें कई सारे फीचर्स मिल सकते हैं। बता दें कि ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पहले से ही ग्लोबल मार्केट में मौजूद है और विदेश में इसकी कीमत 11795 डॉलर है ।

ऐसा माना जा रहा है कि इंडिया में इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 10 लाख के आसपास हो सकती है। मतलब जितनी कीमत का ये इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, उतनी कीमत में एक एंट्री लेवल एसयूवी बड़े आराम से आ जाएगी। कंपनी ने इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की प्री लांच बुकिंग शुरू कर दी है और इसकी आधिकारिक लांच डेट 24 जुलाई है। कंपनी ने इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की प्री लांच बुकिंग शुरू कर दी है। इस स्कूटर की बुकिंग आप बीएमडब्ल्यू के किसी भी डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं। लांच के दौरान इस स्कूटर की कीमत से पर्दा उठेगा। लेकिन जितना महंगा ये इलेक्ट्रिक स्कूटर है, ये बात तय है कि भारत में इसका डायरेक्ट कंपिटिशन कोई नहीं होगा। स्कूटर में लिक्विड कूल्ड पीएमएस मोटर मिलेगा, जो 41 बीएचपी की पावर और 60 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है। स्कूटर की टॉप स्पीड 120 केएमपीएच है और ये स्कूटर मात्र 2.6 सेकंड में 0-50 केएमपीएच की स्पीड पकड़ लेता है। इसमें तीन राइडिंग मोड्स मिलेंगे। जिसमें ईको, रेन और रोड शामिल है।



### ये होंगे फीचर्स

*डिजाइन की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर काफी प्रीमियम होने वाला है। इसकी लंबाई 2 मीटर से भी ज्यादा होगी। डायमेंशन्स की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 2285 एमएम लंबा, 855 एमएम चौड़ा और 1150 एमएम ऊंचा होगा। इसकी सीट हाइट 780 एमएम है। स्कूटर में 15 इंच के व्हील्स मिलेंगे। फ्रंट में टेलिस्कोपिक फॉर्क और दोनों पहियों में डिस्क ब्रेक मिलेगा।*

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण


भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19240688 | ड्राइवर सीट एंड पेडेस्टल असेंबली | 642 सेट | 12-08-24 |
| 02 | 09242131 | नकल फॉर बी सी एन एच एल | 16073 नग | 12-08-24 |
| 03 | 12241232 | जंपर केबल 19 कोर, 750 वी, एलेस्ट्रोमेरिक केबल 4 एस क्यू एम एम | 1609 मीटर | 12-08-24 |
| 04 | 09243284 | फैब्रिकेटेड साइड स्टेन्शन | 2074 नग | 19-08-24 |
| 05 | 09242030 | बॉल बेअरिंग | 2242 नग | 19-08-24 |
| 06 | 02241954 | माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर फॉर रूफ माउंटेड ए सी पैकेज यूनिट | 462 नग | 19-08-24 |
| 07 | 15245119 | बैगेज स्कैनिंग मशीन | 05 नग | 20-08-24 |
| 08 | 09242270 | किट ऑफ़ आटोमेटिक ट्विस्ट लॉक | 24429 सेट | 20-08-24 |
| 09 | 77245433 | सप्लाई ऑफ़ 1 सेट ऑफ़ 300-1U रेल फास्टेनिंग सिस्टम | 01 सेट | 22-08-24 |
| 10 | 09242120 | स्ट्राइकर कास्टिंग | 567 नग | 26-08-24 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। टेंडर नोटिस सं0 33/2024–2025 दिनांक 18.07.2024 2182/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5576




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

### शब्द पहेली- 5575 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |



# महिला एशिया कप : भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला आज, 8वीं बार चैंपियन बनने की होगी कोशिश

## टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से जीते हैं 17

## मैच 10 दिन में होंगे 15 मैच 28 को फाइनल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

महिला एशिया कप 2024 का 9वां संस्करण 19 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय महिला टीम श्रीलंका के दांबुला पहुंच चुकी है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत हरमनप्रीत कौर की अगुआई में 8वीं बार महिला एशिया कप खिताब पर कब्जा जमाने उतरेगी। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें भारत 19 जुलाई, शुक्रवार को अपने पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा। टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और इसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ-साथ नेपाल, मलेशिया, थाईलैंड और यूएई सहित पूर्ण सदस्य देश शामिल हैं। सात बार की चैंपियन भारत को पाकिस्तान, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। महिला एशिया कप 2022 में उपविजेता रही श्रीलंका को मेजबानी का अधिकार मिला है।



### 28 जुलाई को फाइनल

प्रतियोगिता के शुरुआती मैच में नेपाल का मुकाबला यूएई से होगा और भारत-पाकिस्तान का मैच भी उसी दिन दांबुला में होगा है। ग्रुप-ए और ग्रुप-बी से शीर्ष दो टीमें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 26 जुलाई को होगा। उसके बाद 28 जुलाई को फाइनल खेला जाएगा।

### भारत 7 बार का चैंपियन

गत चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी। अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था।

### एशिया कप के ग्रुप

ग्रुप 1- भारत, नेपाल, पाकिस्तान, यूएई
ग्रुप 2- श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया, थाईलैंड

### भारत का मुकाबला

| दिनांक | खिलाफ | समय |
|---|---|---|
| 19 जुलाई | पाकिस्तान | शाम 7 बजे |
| 21 जुलाई | यूएई | दोपहर 2 बजे |
| 23 जुलाई | नेपाल | शाम 7 बजे |

### पाक के खिलाफ 14 में 11 जीत

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढाने का होगा। इस महीने की शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया।

### फार्म में भारतीय खिलाड़ी

भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है।

### पाकिस्तान टीम में चार अनुभवहीन खिलाड़ी

*पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा डार को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रुबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

**पाकिस्तान :** निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, ईरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रूबाब, तूबा हसन।

## खबर संक्षेप



### चोटरानी, अंजलि को मिली शीर्ष वरीयता

**मुंबई।** वीर चोटरानी और अंजलि सेमवाल को 20 जुलाई से यहां शुरू होने वाले बॉम्बे जिमखाना 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला ड्रॉ में शीर्ष वरीयता मिली है। राहुल बैठा को दूसरी वरीयता दी गई है जबकि महेश मनगांवकर और ओम सेमवाल पुरुष वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त हैं। महिला वर्ग में सुनीता पटेल को दूसरी वरीयता प्राप्त है और आराध्या पोरवाल तथा रानी गुप्ता को संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता मिली है।

### तैराक नटराज ने ब्रेक के बाद की वापसी

**नई दिल्ली।** पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक



श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा। नटराज ने कहा, 'मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया।'

### उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई।

PARIS 2024

इसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर 'क्यूआर कोड' शब्द थे। यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए।

# सूर्यकुमार को मिली टी20 की कप्तानी रोहित और कोहली खेलेंगे वनडे श्रृंखला

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

### श्रीलंका दौरे के लिए बीसीसीआई ने की टीम की घोषणा

आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए गुरुवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को अगले महीने इसी टीम के खिलाफ 50 ओवर की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया। शुभमन गिल को दोनों प्रारूपों की टीम का उप कप्तान बनाया गया है।विजय हजारे ट्रॉफी में सात अर्धशतक लगाने वाले रियान पराग और दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा एकदिवसीय टीम में दो नए चेहरे हैं।



**टी20 टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज।

**वनडे टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

### देवी के 6 गोल से मणिपुर ने असम को 12-0 से रौंदा

**कोलकाता।** देवी मुतुम प्रिया की छह गोल की मदद से मणिपुर हॉकी ने गुरुवार को यहां द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप के महिला वर्ग के मैच में असम हॉकी के खिलाफ 12-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। देवी ने मैच के दूसरे, चौथे, सातवें, 26वें, 36वें और



59वें मिनट में गोल दागे। मैच में रीना कोइजम (20वें), तनु शोरेन्सांगबाम (32, 57वें), चानू लीशांगथेम नताली (42, 58वें) और देवी लैशराम रितु (51वें) ने भी विजयी टीम के लिए गोल किए। हॉकी झारखंड ने हॉकी बिहार को 10-0 से हराया। झारखंड की टीम के लिए मुंडु सुकरमणि ने तीन जबकि रोशनी अइंद, कुमारी शांति और कप्तान रजनी करकेट्टा ने दो-दो गोल किए। सलोमी नाग ने एक गोल किया। एक अन्य मैच में हॉकी बंगाल ने ओडिशा हॉकी संघ को 3-0 से मात दी।

## फुटबॉल

# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, शीर्ष पर अर्जेंटीना



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी। लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है। फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

### ओडिशा का सामना जोर्डन और सिंगापुर के क्लब से होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्लब ओडिशा एफसी को 2024 -25 एएफसी महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल में जोर्डन के एतिहाद क्लब और सिंगापुर के लायन सिटी सेलर्स एफसी के साथ प्रारंभिक चरण में ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट का ड्रॉ मलेशिया के कुआलालंपुर में गुरुवार को निकाला गया। इंडियन वुमेंस लीग चैंपियन ओडिशा एफसी प्रारंभिक चरण के लिए जोर्डन जाएगी जहां 25 से 31 अगस्त तक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रारंभिक दौर में 13 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार टीमों के एक और तीन तीन टीमों के तीन समूहों में बांटा गया है। चारों ग्रुप विजेता 12 टीमों के ग्रुप चरण में खेलेंगे जिसमें आठ अन्य क्लब सीधे क्वालीफाई करेंगे। ग्रुप चरण के मुकाबले छह से 12 अक्टूबर तक खेले जाएंगे।

## पेरिस ओलिंपिक

# नदी में कार्यक्रम, नाव पर परेड ओपनिंग सेरेमनी होगी खास



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ओलिंपिक इतिहास में पहली बार ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन स्टेडियम में नहीं होगा। 26 जुलाई को ओलिंपिक का उद्घाटन समारोह पेरिस की सीन नदी में आयोजित होगा। पेरिस ओलिंपिक में 206 देशों के 10672 एथलीट उतरेंगे।

इनके बीच 32 खेलों के 329 इवेंट में मुकाबला होगा। ओपनिंग सेरेमनी के दौरान होने वाली एथलीटों की परेड नाव में होगी। खिलाड़ी नाव में सवार होकर निकलेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो 80 से 100 बोट इवेंट में उतारे जाएंगे। नाव एथलीटों को लेकर पोंट डी'ऑस्टरलिट्ज पुल से निकलेगी। इस इवेंट का आयोजन शाम के समय किया जाएगा। सीन नदी के ऊपर नाव छह किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस दौरान 18 पुल को पार करेंगे। परेड का अंत पोंट डी'लेना पर रहोगा।

यह एफिल टॉवर से कुछ ही दूरी पर है। इस ऐतिहासिक ओपनिंग सेरेमनी को देखने के लिए नदी के दोनों तरफ बेंच लगाए जाएंगे। फैंस वहीं बैठकर इवेंट का मजा उठा सकते हैं। करीब 6 लाख फैंस के आने की उम्मीद है।

### कहां देखें ओपनिंग सेरेमनी

*पेरिस ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समय अनुसार रात 11 बजे से शुरू होगी। भारत में जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18 नेटवर्क पेरिस ओलिंपिक को लाइव देख सकते हैं। पहली बार ओलिंपिक कवरेज में भारत के मुकाबलों को दिखने के लिए इंडिया फीड शामिल किया गया है।*

### चैंपियंस पार्क में समापन

*ओपनिंग सेरेमनी के दौरान होने वाले आधिकारिक प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए यह अस्थायी स्टेडियम तैयार किया गया है। 13 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम एफिल टावर के पास ही बनाया गया है। इसका नाम चैंपियंस पार्क है। यहीं ओपनिंग सेरेमनी का समापन होगा और आधिकारिक ओलिंपिक प्रोटोकॉल की मेजबानी करेगा। इसमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन की उद्घाटन घोषणा भी शामिल है।*

# बैजबॉल रिटर्न : इंग्लैंड ने टेस्ट में 4.2 ओवर में बनाया सबसे तेज अर्धशतक

एजेंसी ▸▸| नॉटिंघम

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।



सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (नाबाद 33 रन) और ओली पोप (नाबाद 16 रन) ने मिलकर 10 चौके लगाए जिससे इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। इंग्लैंड ने 2002 में श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भी पांच ओवर में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था। श्रीलंका इस सूची में चौथे स्थान पर है जिसने 2004 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 5.2 ओवर में अर्धशतक पूरा किया था। भारत दो बार 5.3 ओवर में अर्धशतक पूरा करके इस सूची में पांचवें स्थान पर है। टीम इंडिया ने 2008 में चेन्नई में इंग्लैंड और 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

## आईपीएल और टी-20 विश्व कप टीम में नहीं बना सके थे जगह

# चोट से उबरे शमी, नेट्स पर शुरू की गेंदबाजी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से पूरी तरह उबर गए हैं और उन्होंने नेट्स पर गेंदबाजी भी शुरू कर दी है जिससे इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि वह जल्द ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे।

शमी को पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद चोट लगी थी और वह तभी से टीम से बाहर चल रहे हैं। शमी को सर्जरी करानी पड़ी थी और वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की निगरानी में हैं। शमी को चोट के कारण आईपीएल 2024 से भी बाहर रहना पड़ा था और वह टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना सके थे। लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद शमी अब वापसी की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमे वह नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए दिख रहे हैं। वह चोट से उबर गए हैं, लेकिन पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी शुरू नहीं कर पाए हैं। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर शमी फॉर्म में वापसी करने के लिए मेहनत कर रहे हैं और उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की मंजूरी लेनी होगी। शमी पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में चल रहे थे। उन्होंने सात मैचों में कुल 24 विकेट लिए थे और भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले वह चोटिल हो गए और समय से उबर नहीं सके। इस कारण शमी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से हटना पड़ा था।



### बांग्लादेश के खिलाफ कर सकते हैं वापसी

शमी बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं। भारत को सितंबर-अक्टूबर में दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी है। भारत को इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है और शमी का इस सीरीज के लिए चुना जाना मुश्किल माना जा रहा है।




# सरकारी नौकरियों में कोटा तंत्र में सुधार को लेकर बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों से तनाव

## भारत ने अपने नागरिकों को यात्राओं से बचने के लिए जारी किया परामर्श

हरिभूम ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले सोमवार से सरकारी नौकरियों से जुड़े कोटा तंत्र में सुधार की मांग को लेकर बांग्लादेश में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच गुरुवार को भारत ने अपने नागरिकों और वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों को उनके आवासीय परिसर से बाहर की यात्रा करने और किसी भी तरह की अन्य आवाजाही से बचने के लिए परामर्श जारी किया है। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में बताया कि परामर्श के अलावा उच्चायोग ने बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों को किसी भी तरह की सहायता के लिए एक 24 घंटे का मल्टीपल आपातकालीन नंबर भी प्रदान किया है। उच्चायोग की वेबसाइट के मुताबिक, बांग्लादेश में भारतीयों की संख्या 7 हजार के करीब है। यहां बता दें कि प्रदर्शनकारियों ने 18 जुलाई को बांग्लादेश में एक देशव्यापी बंद को लागू कराने का निर्णय लिया है।



### यूं काम करता है कोटा तंत्र

बांग्लादेश में वर्तमान कोटा तंत्र में 56 फीसदी सरकारी नौकरियां 1971 की लिबरेशन वॉर में भाग लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंश के 30 लोगों के लिए आरक्षित की गई हैं। 10 फीसदी कोटा पिछड़े हुए प्रशासनिक जिलों के लिए है, 10 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए, पांच फीसदी नस्ली अल्पसंख्यक समुदायों के लिए और एक फीसदी कोटा दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित किया गया है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से हर साल 4 लाख स्नातक युवाओं के लिए 3 हजार सरकारी नौकरियां निकलती हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मौजूदा कोटा तंत्र क्लास वन और सेकंड क्लास की सरकारी नौकरी से मेधावी छात्रों को बाहर कर रहा है।

### सत्ताधारी दल की प्रदर्शनकारियों से हुई झड़प

बीते 15 जुलाई को बांग्लादेश की सत्ताधारी अवामी लीग की छात्र इकाई 'बांग्लादेश छात्र लीग' की प्रदर्शनकारियों के साथ हुई झड़प के बाद इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप धारण कर लिया था। प्रदर्शनकारियों का यह कहना है कि मौजूदा कोटा तंत्र की वजह से बड़ी तादाद में मेधावी छात्र सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं। उनका सत्ताधारी दल पर ये आरोप भी है कि उसकी छात्र इकाई ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की मदद से हमला किया। जिसकी वजह से तनाव की ये स्थिति बनी है।

### हिंसा में मारे गए 6 बांग्लादेशी नागरिक

सार्वजनिक रूप से मौजूद जानकारी के हिसाब से इन हिंसक प्रदर्शनों में अब तक कुल 6 बांग्लादेशी नागरिकों की मौत हो गई है। इस हिंसा से ही बांग्लादेश की सरकार ने पिछले मंगलवार को स्कूल और कॉलेजों समेत सभी सरकारी, निजी विश्वविद्यालयों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। इसमें आवासीय छात्रों को छात्रावास खाली करने के लिए भी कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### चीन के शॉपिंग मॉल में लगी आग, 16 की मौत



**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। आग बुधवार देर रात को सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर में 14 मंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी। जानकारी के अनुसार, अग्निशमन कर्मियों और बचाव दल ने 75 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इमारत के निचले हिस्से में आग लगी, जिसमें एक डिपार्टमेंटल स्टोर, कार्यालय, रेस्तरां और एक मूवी थियेटर है।

### मोस्ट वांटेड विश्नोई इटली में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने पहली बार विदेश में एक गैंगस्टर को गिरफ्तार करवाया है। यह पुलिस की ऐसी पहली कार्रवाई है, जब राजस्थान पुलिस की सूचना पर इटली पुलिस ने एक्शन लिया है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर इटली पुलिस ने 8 जुलाई को मोस्ट वॉंटेड अमरजीत सिंह विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार यह सूचना अब सार्वजनिक की गई है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जो बठिंडा जेल में बंद है।



भारत ने मॉरीशस में खोला पहला सेंटर

## अब विदेशों में भी बजेगा भारतीय जनऔषधि केंद्र की दवाओं का डंका



एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुई

भारतीय जनऔषधि परियोजना का न सिर्फ भारत में बल्कि अब विदेशों में भी डंका बजने लगा है। देश भर के मरीजों को सस्ती जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराने वाला भारतीय जन औषधि केंद्र का अब मॉरीशस तक विस्तार किया गया है।

इसके तहत मॉरीशस में पहला भारतीय जन औषधि केंद्र खोला गया है, जो वहां के लोगों को सस्ते में जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराएगा। इस केंद्र को खोलने का वादा पीएम मोदी ने किया था। इसके बाद अब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया है। बता दें कि जयशंकर 16 से 17 जुलाई तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। इस दौरान मॉरीशस के लोगों के लिए सस्ती दवाओं वाला यह जन औषधि केंद्र समर्पित किया गया। उद्घाटन के मौके पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी मौजूद रहे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन "दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग" का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### जयशंकर ने कहा पीएम मोदी ने पूरा किया वादा

*विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।*

जल्द ही आतंकियों का होगा सफाया

# कुपवाड़ा में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने दो आतंकी किए ढेर, डोडा में भी सर्च ऑपरेशन चलाया

*जम्मू-कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के सीमांत क्षेत्र केरन में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया।*





एजेंसी ▶▶ जम्मू

उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने यहां दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है, जो नियंत्रण रेखा से घुसपैठ कर प्रदेश में अशांति फैलाने के इरादा रखे हुए थे। सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। सेना की 6 आरआर और पुलिस के एसओजी के जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। उधर, जम्मू संभाग के जिला डोडा में भी मुठभेड़ हो रही है। जम्मू कश्मीर में गुरुवार को मौसम बिगड़ा हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई है। बादल छाए हुए हैं। इससे पहाड़ी इलाके धुंध से घिर जाते हैं। इसी बीच सुरक्षा बल आतंकियों से लोहा ले रहे हैं। डोडा में भी मुठभेड़ चल रही है। बिगड़े मौसम के बीच रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। डोडा में सोमवार से आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है। डोडा में चार दिनों में ये तीसरी मुठभेड़ है, लेकिन अभी सुरक्षा बलों को सफलता नहीं मिल पाई है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और बिगड़ा हुआ मौसम सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन जवान डटे हुए हैं।

### सुरक्षा को लेकर हुआ मंथन



कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति सीडीएस की बृहस्पतिवार को बैठक हुई। इस बैठक में पीएम मोदी के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक बैठक में देश के ताजा सुरक्षा हालातों पर चर्चा की गई है। साथ ही जम्मू में पिछले कुछ वक्त में बढ़ते हुए आंतकी हमलों को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की गई है। बता दें कि बैठक में आतंकियों पर कड़े प्रहार की तैयारी को लेकर चर्चा की गई है।

करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर सीडीएस ने कहा

### रक्तपात से सीखे सबक सेना में समाहित रहने चाहिए



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर कहा कि किसी भी युद्ध में देश और उसके लोगों की नियति को हमेशा के लिए बदलने की क्षमता होती है। सैनिकों के बलिदान की यादें हमारी राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बननी चाहिए, जैसा कि करगिल युद्ध के साथ हुआ। करगिल युद्ध की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि रक्तपात से सीखा गया सबक हमारी सेना में समाहित रहने चाहिए। युद्ध, युद्ध-पद्धति का तेजी से विकास हो रहा है।

### सेना के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और लिया जायजा

ऑपरेशन का जायजा लेने के लिए सेना के वरिष्ठ अधिकारी गुरुवार को मौके पर पहुंचे हैं। इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में चार घंटे के अंतराल में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच दो बार गोलीबारी हुई है। डोडा जिले के एक जंगल में गुरुवार तड़के आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए हैं। कुपवाड़ा जिले के केरन इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है।

### सेना ने पीर पंजाल की पहाड़ियों में शुरू किया 'सर्प विनाश' ऑपरेशन

जम्मू संभाग के डोडा जिले में एक कर्नल और तीन जवानों की शहादत के बाद सेना ने सीमा पार से घुसपैठ करके जंगलों में छिपे आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए ऑपरेशन 'सर्प विनाश' शुरू कर दिया है। कश्मीर घाटी के सपाट इलाकों को छोड़कर इस बार आतंकवादियों ने पीर पंजाल की दक्षिणी पहाड़ियों में नया ठिकाना बनाया है। यहां के घने जंगलों की प्राकृतिक गुफाओं और सुरंगों में छिपकर आतंकी लगातार सेना को निशाना बना रहे हैं। पीर पंजाल की दक्षिणी पहाड़ियों में बड़ी-बड़ी चट्टानों से सुरंग और गुफाएं बनी हैं।

जल्द मिलेगी खेप, पाकिस्तान और चीन की बढ़ेगी टेंशन

# भारत के लिए खतरनाक जंगी जहाज बना रहा रूस

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो जहाज रूस में तैयार किए जा रहे हैं। ये तलवार क्लास के स्टील्थ फ्रिगेट जहाज हैं। 2.5 बिलियन डॉलर की लागत से इन्हें बनाया जा रहा है। रूस के कलिनिनग्राद में यह यंतर शिपयार्ड में बनाए जा रहे। पहले शिपयार्ड का नाम तुशिल और दूसरे का तमाल है। दो स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले तुशि की स्वीकृति परीक्षण के लिए इंडियन नेवी के लगभग 200 कर्मी इस समय रूस में मौजूद हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो पहला जहाज सितंबर के मध्य तक भारत में आ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार 'तमाल' अगले साल की शुरुआत में भारत को सौंपा जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि रूस के साथ समझौते के तहत गोवा शिपयार्ड में बनाए जा रहे दो और युद्धपोत प्रगति पर हैं।



### रूस-भारत का हुआ था समझौता

अब तक तलवार क्लास के 7 युद्धपोत बन चुके हैं। 6 एक्टिव हैं। चार नए जंगी जहाज बनाए जा रहे हैं। दो रूस में और दो भारत में बनेंगे। इन जंगी जहाजों का समंदर में डिस्प्लेसमेंट 3850 टन है। भारत ने चार तलवार श्रेणी के जहाजों के लिए रूस के साथ एक अंतर-सरकारी समझौता किया था और इस डील पर 2018 में हस्ताक्षर किए गए थे। समझौते के मुताबिक दो जहाज पूरी तरह रूस में बनेंगे। वहीं दो जहाज रूस के तकनीकी सहयोग से भारत के गोवा शिपयार्ड में बनाए जाएंगे। यंतर शिपयार्ड ने छह तलवार के छह एक्टिव युद्धपोतों में से तीन का निर्माण किया है।

### सौजन्य भेंट...



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य मुलाकात की।

### नेपाल बस हादसे में अभी तक सिर्फ 4 भारतीयों के शव बरामद

**काठमंडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी।

54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109